14- JULY- BSP- PG-1_Layout 1 7/14/2024 11:57 PM Page 1

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, सोमवार 15 जुलाई 2024

तापमान

अधिकतम 32.4 डिग्री

न्यूनतम 25.0 डिग्री



बारिश के बाद तालापारा की सड़क चलने लायक नहीं रहती। जगह जगह गड्ढों में पानी भर जाने से यहां से गुजरना मुश्किल हो गया है।



(बिलासपुर) प्रवेश प्रारंभ (बिलासपुर)
न्यू महाराणा I.T.I.
Affiliated by:- (N.C.V.T & D.E.T.) New Delhi (Govt. Of India)
ट्रेड-इलेक्ट्रिशियन, कोपा, डीजल मैकेनिक, फिटर
योग्यता-10वीं पास (प्राईवट, ओपन,पत्राचार, नियमित)
प्रथम प्रवेशित 50 छात्रों को विशेष छुट
अतिशीघ्र प्रवेश लेवें मात्र 999/- नो डोनेशन
स्थान सीमित 100% रोजगार परक प्रशिक्षण
प्राचार्य: लोधीपारा पुराना सरकंडा (कोनी रोड) बिलासपुर
मो. 9203905369, 9203914564, 9203914561

## खबर संक्षेप

### क्लैट 2025 के लिए आवेदन आज से

**बिलासपुर।** क्लैट-2025 के लिए ऑनलाइन आवेदन 15 जुलाई से भरे जाएंगे। इसके लिए नोटिफिकेशन जारी हो गया है। 15 अक्टूबर तक फार्म भरे जाएंगे। जबकि, यह परीक्षा 1 दिसंबर को ऑफलाइन मोड में आयोजित की जाएगी। जानकारी के मुताबिक, इस परीक्षा के माध्यम अंडर ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम में प्रवेश दिए जाएंगे। एग्जाम फीस 4 हजार रुपए है। एससी, एसटी, बीपीएल के लिए 3500 रुपए है। गौरतलब है कि प्रदेश के एचएनएलयू समेत देश के प्रमुख नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी समेत अन्य में इस परीक्षा के माध्यम प्रवेश दिए जाएंगे।

### पिकनिक मनाने गया युवक हसदेव नदी में डूबा

**बिलासपुर, जांजगीर।** बलौदा ब्लाक के देवरी चिचोली पिकनिक स्पॉट में शहर का एक युवक नदी में बह गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है, रात तक युवक का पता नहीं चला था। जानकारी के अनुसार रविवार 14 जुलाई को सरकंडा बिलासपुर के आधा दर्जन युवक पिकनिक मनाने जांजगीर जिले के देवरी चिचोली गए थे। वे सभी स्पॉट पर हसदेव नदी में नहा रहे थे। इस दौरान एक युवक शिवम यादव पिता आशु राम यादव नदी में स्नान करते वक्त बह गया। बताया जाता है कि वहां नहाते हुए गहरे पानी में चला गया। साथियों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन वे नाकाम रहे। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही बलौदा के नायब तहसीलदार, थाना प्रभारी अशोक वैष्णव सहित पुलिस अफसर व कर्मचारियों की टीम मौके पर पहुंची, युवक को ढूंढने का प्रयास किया जाता रहा, रात अधिक हो जाने की वजह से युवक को खोजना मुश्किल हो गया। पुलिस ने बिलासपुर के एसडीआरएफ टीम को सूचना दी है। वहीं पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारियों की टीम मौके पर डटी रही। बलौदा पुलिस ने बताया कि सरकंडा बिलासपुर के 6 युवक पिकनिक मनाने देवरी चिचोली आए थे। इनमें से शिवम यादव गहरे पानी में बह गया।

### एसआइ समेत 80 पुलिसकर्मी बदले

**बिलासपुर।** एसपी रजनेश सिंह ने शनिवार को एक एसआइ और 14 एएसआइ समेत 80 पुलिस कर्मियों का तबादला आदेश जारी किया है। इसमें 16 प्रधान आरक्षक भी हैं। आदेश में कई पुलिसकर्मियों को कुछ ही दिन पहले दूसरे थानों में भेजा गया था। उनकी उसी थाने में वापसी की गई है। शनिवार को जारी आदेश के अनुसार एसआइ आदित्य ठाकुर को सिविल लाइन थाने से मस्तूरी थाने भेजा गया है। इसके अलावा एएसआइ मीना ठाकुर को सिविल लाइन से कोटा, भरतलाल राठौर को कोनी से बेलगहना, शिव सिंह बक्साल को हिर्री से सीपत, संतोष यादव को सिविल लाइन से लाइन, उमेश उपाध्याय को लाइन से सरकंडा, अभय सत्यार्थी को सरकंडा से चकरभाठा, अभय खलखो को बिल्हा से लाइन, शिवकुमार चंद्रा को सिविल लाइन से मस्तूरी, कृष्णकुमार मरकाम को मस्तूरी से यातायात, गौरीशंकर बघेल को लाइन से कोतवाली, शोभनाथ यादव को लाइन से सिविल लाइन, भानू पात्रे को लाइन से सिविल लाइन, चंद्रदेवी बीसी को यातायात से बिल्हा और नहारू साहू को तारबाहर से कोटा थाने भेजा गया है।

# व्हाट्सएप-टेलीग्राम से हो रहा स्कैम, शेयर मार्केट, म्यूचुअल फंड में पैसा लगाने के नाम पर ठगी के लगातार मामले

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अगर अनजान नंबर से वाट्सऐप मैसेज आए और उसमें निवेश या ऑनलाइन जॉब का ऑफर देते हुए टेलीग्राम ग्रुप से जोड़े, तो समझ जाइए कि आप साइबर ठगों के चक्रव्यूह में फंस चुके हैं। खास तौर पर शेयर मार्केट, म्यूच्यूल फंड में पैसा लगाने के नाम पर ठगी के लगातार मामले सामने आ रहे हैं।

दरअसल साइबर ठगी करने वाले टेलीग्राम ऐप का ज्यादा इस्तेमाल करने लगे हैं। इसका सबसे बड़ा फायदा साइबर ठगों को यह होता है कि टेलीग्राम ग्रुप में उनका मोबाइल नंबर नहीं दिखता।

- आनलाइन पार्टटाइम जाब, निवेश में भारी मुनाफा के नाम पर लोग हो रहे हैं शिकार
- क्रिप्टो करेंसी की ट्रेडिंग, लाइक एंड शेयर से पैसा कमाने की जल्दबाजी भारी पड़ रही




साथ ही उनके असली नाम का भी पता नहीं चलता। ऑनलाइन पार्टटाइम जॉब, निवेश में भारी मुनाफा, क्रिप्टो करेंसी की ट्रेडिंग, लाइक एंड शेयर से पैसा कमाने आदि के नाम पर होने साइबर ठगी में टेलीग्राम ऐप का ज्यादा इस्तेमाल हो रहा है। रायपुर, बिलासपुर में ही पिछले दो महीने में 20 से अधिक एफआईआर दर्ज किए जा चुके हैं।

शेयर बाजार में निवेश को लेकर लोगों के बीच बढ़ते रुझान के साथ नए-नए तरह के फ्रॉड व स्कैम भी होने लग गए हैं। आज कल ऐसे खूब सारे मामले सामने आते हैं, जिनमें विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल कर लोगों को शानदार रिटर्न का झांसा दिया जाता है और बाद में उनके साथ लाखों रुपये की ठगी हो जाती है। इस तरह के फ्रॉड को पिग बुचरिंग स्कैम के नाम से जाना जाता है, जिससे जुड़े मामले तेजी से बढ़ रहे हैं।

### अप्रत्याशित रिटर्न के झांसे में न आएं

शेयर मार्केट के जानकार विनय देवांगन बताते हैं कि इस स्कैम से बचने के लिए सावधानी जरूरी है। कभी भी अप्रत्याशित रिटर्न के झांसे में नहीं आएं। व्हाट्सऐप या टेलीग्राम के ग्रुप में मिलने वाले टिप्स से दूर रहें। किसी भी सोशल मीडिया, मैसेज या ईमेल के जरिए आने वाले संदिग्ध लिंक पर क्लिक नहीं करें। सिर्फ प्रमाणित ब्रोकरेज फर्मों के ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करें। ऐप वेरिफाइड सोर्स से ही इंस्टॉल करें।

### यह है पिग बुचरिंग स्कैम

स्कैमर पहले इन्वेस्टर को कमाई के झांसे देता है। इन्वेस्टर को शुरुआत में कुछ आकर्षक रिटर्न दिए जाते हैं, उससे इन्वेस्टर का लोभ बढ़ता है और वह दांव बढ़ाता जाता है। फिर रकम बढ़ते ही स्कैमर पूरा पैसा गायब कर देता है। पिग बुचरिंग स्कैम में काम कर रहे लोग कोई आम लोग नहीं हैं, बल्कि तकनीक और बाजार की गहरी समझ रखने वाले लोग इसमें जुड़े हुए हैं। दरअसल डार्क वेब पर भारी मात्रा में डेटाबेस बिक रहा है, जिसमें करोड़ों लोगों के नंबर उपलब्ध हैं। ये स्कैमर डार्क वेब से डेटा खरीदते हैं और उसमें मिले नंबरों को व्हाट्सऐप या टेलीग्राम पर ग्रुप बनाकर ऐड करते हैं। ग्रुप में आम तौर पर एक कथित स्टॉक मार्केट एक्सपर्ट या स्टॉक गुरू भी होता है, जिसके बारे में दावे किए जाते हैं कि वह फलां-फलां बड़ी एसेट मैनेजमेंट कंपनियों में काम कर चुका है। उस कथित गुरू के नाम पर ग्रुप के मेंबर्स को टिप्स दिए जाते हैं। वे टिप्स ऐसे होते हैं कि अच्छे-खासे जानकार लोग भी धोखा खा जाएं।

### टारगेट में युवा वर्ग

इस तरह की ठगी करने वाले साइबर ठगों के टारगेट युवा वर्ग है। कामकाजी युवक-युवतियों के अलावा स्टूडेंट्स को ज्यादा झांसे में ले रहे हैं। दरअसल वाट्सऐप और टेलीग्राम का इस्तेमाल लगभग सभी शिक्षित युवा करते हैं। शार्ट टाइम इनकम की तलाश में रहते हैं, कम समय में ज्यादा कमाने का लालच भी रहता है। इस वजह से युवा वर्ग आसानी से साइबर ठगों के झांसे में आ रहे हैं।

### अलर्ट रहे युवा वर्ग

लाइक एंड शेयर, क्रिप्टो करेंसी, ऑनलाइन निवेश के अधिकांश मामलों में साइबर ठग टेलीग्राम ऐप का इस्तेमाल कर रहे हैं। युवा वर्ग को अलर्ट रहने की जरूरत है। साइबर ठगों द्वारा कम समय में ज्यादा पैसा कमाने, घर बैठे निवेश में मुनाफा आदि का लालच दिया जाता है। इसके झांसे में न आएं। टेलीग्राम में यूजर का नंबर आसानी से नहीं दिखता। इस कारण साइबर ठग इसका ज्यादा इस्तेमाल कर रहे हैं।

– **प्रभाकर तिवारी,** साइबर सेल प्रभारी, बिलासपुर

### केस 1

सिविल लाइन थाने के अंतर्गत शेयर मार्केट में इन्वेस्टमेंट के नाम पर हर महीने 10 फीसदी फायदा दिलाने का वादा कर 14 करोड़ से ज्यादा की ठगी का मामला सामने आया था। आरोपी ने ज्यादा पैसा इन्वेस्ट करने पर थाईलैंड और गोवा की सैर कराने का भी झांसा दिया था। इस चक्कर में पड़ कर कई लोग धोखाधड़ी का शिकार हो गए। पुलिस ने मामले में साईं कृष्णा इन्वेस्टमेंट कंपनी के डायरेक्टर विनय कृष्ण रात्रे को गिरफ्तार किया था।

### केस 2

26 वर्षीया युवती ने थाने में शिकायत की। इसके मुताबिक मोबाइल पर एक विदेशी नंबर से वाट्सऐप मैसेज आया। इसमें क्रिप्टो करेंसी की ट्रेडिंग में भारी मुनाफा होने की जानकारी दी गई थी। इसके बाद उन्हें एक टेलीग्राम ग्रुप से जोड़ा गया। टेलीग्राम ग्रुप में ही निवेश करने के लिए मैसेज किया जाता था। उसी में निवेश से मिले प्रॉफिट को वर्चुअल अकाउंट पर दिखाया जाता था। इस तरह युवती से 10 लाख रुपए ठग लिया गया।

### केस 3

चकरभाठा थाने में प्राइवेट फायनेंस कंपनी के एजेंट देवेश साहू ने शिकायत की। उसे अज्ञात व्यक्ति ने टेलीग्राम पर मैसेज भेजा और पार्ट टाइम ऑनलाइन जॉब से भारी कमाई होने का ऑफर दिया। पैसा कमाने के चक्कर में देवेश उनके एक अन्य टेलीग्राम ग्रुप से जुड़ गया। उसे ग्रुप में ही टास्क दिया जाता था। उसके बदले शुरुआत में उसे कैश मिले, बाद में उससे रकम जमा करवाने लगे। इस तरह देवेश से साइबर ठगों ने 12 लाख रुपए ऑनलाइन ठग लिया।

## रिटायर्ड कर्मचारी से 80 लाख की ठगी

**बिलासपुर।** लाभ दिलाने का झांसा देकर शिक्षा विभाग के रिटायर्ड कर्मचारी से 80 लाख रुपए आनलाइन ठगी कर ली गई है। पुलिस अपराध कायम कर मामले की जांच कर रही है।

साइबर थाना से मिली जानकारी के अनुसार, मंगला बाजपेयी कैसल निवासी शिक्षा विभाग के रिटायर्ड कर्मचारी विरेन्द्र कुमार देवांगन 63 साल ने रिपोर्ट लिखाई। 2 मई 2023 की सुबह 10 बजे उनके मोबाइल में दो अनजान मोबाइल नम्बर से फोन आया। फोन करने वालों ने अपने आपको मैस लाइफ इंश्योरेंस कंपनी हैदराबाद का सीईओ व मैनेजर बताया और कहा आपने इस बीमा कंपनी में इन्वेस्ट किया है। उसको एजेंट ने द्वारा इक्विटी फंड में डाल दिया है। इससे आपको बहुत नुकसान हो रहा है और उसका फायदा एजेंट उठा रहा है। संपूर्ण लाभ की राशि एजेंट के खाते में जा रही है। एजेंट का नाम एवं कोड नम्बर हटा देगें तो लाभांश की राशि कंपनी से सीधे आपको मिलती रहेगी। फोन धारको ने उन्हें एजेंट का कोड हटाने का चार्ज 22 हजार 700 रुपए बताया। उनकी बातों में आकर श्री देवांगन ने फोन पे के माध्यम से 22 हजार 700 रुपए ट्रांसफर कर दिया। उसके बाद जीएसटी चार्ज, टीडीएस चार्ज, सर्विस चार्ज, बैंक का ओवर चार्ज, एनओसी के नाम पर अलग अलग बैंक खातें में 79 लाख 85 हजार 912 रुपए आनलाइन जमा कराकर ठगी कर ली गई है। पैसा वापस नहीं मिलने पर उन्हें आनलाइन ठगी होने का अहसास हुआ। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ 420, 66 डी, 34 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### महिला से 1 लाख रुपए की ठगी

आनलाइन शापिंग प्लेटफार्म से कपड़ा खरीदना एक महिला को महंगा पड़ गया है। आनलाइन पेमेंट करने के बाद उनके बैंक खाते से दो किश्तों में 1 लाख रुपए आनलाइन ठगी कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, 8 जुलाई को बसंत विहार कालोनी निवासी शिवानी सिंह के मोबाइल में दो बार में 1 लाख रुपए ट्रांसफर होने का मैसेज आया। इस पर उन्होंने बैंक में जाकर अपना बैंक खाता ब्लाक कराया। जानकारी लेने पर पता चला उनके बैंक खाते से झारखंड के धनबाद स्थित एक बैंक खाते में रुपए ट्रांसफर किया गया है। श्रीमती सिंह ने 5 जुलाई को इंस्टाग्राम लिंक के माध्यम से 1050 रुपए के कपड़े की खरीदी की और उसका पेमेंट बार कोड के माध्यम से किया था। पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है।

बंगाली पारा में धंसने लगे मेन होल के ढक्कन | गया विहार में गंदा पानी और बदबू से लोग परेशान

# सरकंडा में सीवरेज प्रोजेक्ट का हाल बेहाल 1500 कनेक्शन जुड़े पर पूरी लाइन चोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर में वर्ष 2008 में अंडरग्राउंड सीवरेज प्रोजेक्ट की शुरूआत हुई। पूरे शहर की सड़कों पर 10 साल तक गड्ढे खोदने के बाद अधिकारियों ने वर्ष 2013 में सरकंडा क्षेत्र में इस योजना का फीता भी कटवा दिया, परन्तु आज तक लोगों को इसका कोई लाभ नहीं मिल पाया है। हालत यह है कि लाइन चोक है और सड़कों पर गंदा पानी बह रहा है।

अरपा पार सरकंडा क्षेत्र में अंडर ग्राउंड सीवेज प्रोजेक्ट की लागत 100 करोड़ से अधिक है। यहां 10 हजार कनेक्शन जोड़ने थे, लेकिन 16 साल में बंगाली पारा के गली नंबर 3 और 5 सहित आसपास के क्षेत्र में महज 1500 घरों का ही कनेक्शन जोड़ा गया। 13 जुलाई 2013 में प्रोजेक्ट का लोकार्पण कर दिया गया। इतने कम कनेक्शन के बावजूद सिस्टम सही ढंग से काम नहीं कर रहा है। पाइप लाइन बिछाने से लेकर हाईड्रोलिक टेस्ट संबंधी खामियों के चलते मेन होल चोक हो गया है। ऐसे में बंगाली पारा जहां घरों का कनेक्शन सीवेज लाइन में जोड़ा गया था, वह रिवर्स हो रहा है। समस्या को देखते हुए लोगों ने टॉयलेट का ओवर फ्लो नालियों में निकाल दिया है। इधर सरकंडा के गया विहार में भी सीवरेज प्रोजक्ट के तहत पाइप बिछाया गया, लेकिन यहां पाइप चोक होने के चलते अब मेन होल से ही सीवरेज का गंदा पानी सड़क पर बहने लगा है और गंदगी सड़क पर फैल रही है।

सड़क पर बह रहा गंदा पानी



### पंपिंग स्टेशन किसी काम का नहीं

अरपा पार के सीवेज प्रोजेक्ट के अंतर्गत चिंगराजपारा और राजकिशोर नगर में दो पंपिंग स्टेशन है। करोड़ों की लागत से बनाए गए ये पंपिंग स्टेशन किसी काम के नहीं है। इसकी वजह से मेन होल से सीवेज का पानी बहता रहता है। आसपास के लोगों का कहना है कि मेन होल से होवर फ्लो की समस्या दो-तीन साल से बनी हुई है। बारिश में तो समस्या और बढ़ जाती है। ऐसे में सड़क के बीचों बीच बने सीवरेज के ढक्कन से ही पानी बहने लगाता है।

### हर 10 से 15 मीटर में हैं गड्ढे

राजकिशोर नगर से साइंस कॉलेज रोड और बहतराई चौक से चिंगराजपारा रोड में 30 से अधिक सीवरेज पाइप लाइन का चेंबर लगा है। जब इस मार्ग में नई सड़कें बनाई गईं, तो सीवरेज के चेंबर को सड़क के नीचे बना दिया गया, जिसके कारण इस मार्ग में हर 10 से 15 मीटर में सीवरेज के चेंबर के कारण गाड़ियां हिचकोले खाती हैं।





### 180 से 400 करोड़ पहुंची प्रोजेक्ट की लागत

सीवरेज परियोजना की शुरूवात पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह ने 2008 में की थी। इसके तहत 26 हजार से अधिक घरों में कनेक्शन जोड़ना था। शुरूवाती दौर पर परियोजना में 180 करोड़ की लागत से 24 महीने में तैयार करना था, लेकिन अब तक इस प्रोजेक्ट में लगभग 400 करोड़ रूपए खर्च हो चुके हैं। 16 साल बीत जाने के बाद भी प्रोजेक्ट अब तक पूरा नहीं हो पाया है। अभी इसके 20 प्रतिशत से भी ज्यादा काम बाकी है। लेकिन कार्य पूरा नहीं होने से पूरी परियोजना ठंडे बस्ते में है।

### पंप लगाकर कराई जा रही सफाई

सरकंडा के कुछ क्षेत्र में ऐसी समस्या आ रही है। इसके लिए निगम के 4 बड़े और 8 छोटे वाहन जिसमें पंप का सेट लगा हुआ है। जहां से समस्या आती है, वहां कर्मचारी जानकारी चेंबर के एक छोर से दूसरे छोर तक कनेक्ट कर सफाई करते है। यह एक सतत प्रक्रिया है। जहां भी समस्या आ रही है, उसे दूर करा लिया जाएगा।

- **अमित कुमार,** आयुक्त नगर निगम

### लोगों का कहना है...



#### हमारे घर का कनेक्शन ही नहीं जुड़ा

बंगाली पारा गली नंबर 3 के निवासी राकेश कुमार ने बताया कि घरों के सीवरेज की गंदगी को निकालने के लिए घर के सामने सालों पहले पाइप तो बिछाया गया, लेकिन अब तक हमारे घर का कनेक्शन इसमें नहीं जोड़ा गया है। हमारे साथ पूरे गाली में किसी का भी कनेक्शन इसमें नहीं जुड़ा है। ओवर फ्लो अभी भी नाली में है।



#### पानी रिवर्स हो रहा था

बंगाली पारा गली नंबर 5 के निवासी मनोहर कुमार ने बताया कि उनकी गली के कुछ लोगों के यहां सीवरेज प्रोजेक्ट के तहत टॉयलेट का ओवर फ्लो पाइप लाइन में जोड़ा गया था, लेकिन पाइप में पानी जाने के बजाए रिवर्स होने लगा था। ऐसे में कनेक्शन को ही हटा दिया। अब सभी घरों के ओवर फ्लो का कनेक्शन सीधे नाली में है। ऐसे में नाली भी जाम हो गई है।

#### सफाई के बाद भी मेनहोल जाम

सरकंडा बंगाली पारा के साथ ही गया विहार और आसपास सीवरेज योजना के तहत घरों का कनेक्शन जोड़ा गया था, लेकिन ये किसी काम का नहीं है। अब तो पाइप लाइन जाम होने के कारण मेन होल से ही पानी बहने लगा है। महीने में चार बार सफाई कराने के बाद भी गंदगी और पानी सड़क पर बह रहा है। इसके लिए निगम के अफसरों से पत्राचार किया गया है।

- **राजेश शुक्ला,** पार्षद वार्ड क्रमांक 62

योजना का बेहतर क्रियान्वयन व उत्कृष्ट प्रदर्शन को केन्द्र ने सराहा

# पीएम स्वनिधि योजना में बिलासपुर का परचम लहराया, मिलेगा स्पार्क अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर ने एक बार फिर देश में अपना परचम लहराया है। पंडित दीनदयाल शहरी आजीविका मिशन के पीएम स्वनिधि योजना के बेहतर क्रियान्वयन व असाधारण प्रदर्शन के लिए बिलासपुर नगर पालिक निगम को सिस्टमेटिक प्रोग्रेसिव एनालिटकल रियल टाईम रैकिंग स्पार्क 2023-24 अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। यह अवार्ड केन्द्रीय शहरी एवं आवासन मंत्रालय द्वारा 18 जुलाई को नई दिल्ली में प्रदान किया जाएगा और अवार्ड ग्रहण करने यहां से नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार दिल्ली जाएंगे।

- 18 जुलाई को दिल्ली में अवार्ड ग्रहण करेंगे निगम कमिश्नर

पीएम स्वनिधि याने प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स निधि, जिसका एकमात्र उद्देश्य सड़क किनारे व्यापार करने वाले, रेहड़ी व्यापारी और लघु व्यापारियों को सक्षम और आत्मनिर्भर बनाना है। इस योजना के तहत छोटे व्यापारियों को 10 हजार से लेकर 50 हजार तक का ऋण बैंकों के माध्यम से दिया जा रहा है। इससे स्ट्रीट वेंडर्स को अपना व्यापार शुरू करने और उसे आगे बढ़ाने में काफी मदद मिल रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यह एक ऐसी जनकल्याणकारी योजना है जिसने स्ट्रीट वेंडर्स की जिंदगी में उम्मीद और विश्वास जगाया है। कोरोना की महामारी से इन स्ट्रीट वेंडर्स का व्यापार सबसे अधिक प्रभावित हुआ था। ऐसे में व्यापार को फिर से खड़ा करना इनके लिए चुनौती के साथ ही चिंता का विषय था। इनकी समस्या के समाधान और देश में स्टार्टअप की एक नई क्रांति की शुरूआत करने के लिए पीएम स्वनिधि योजना की शुरूआत की गई। 18 जुलाई को नई दिल्ली के स्टीन आडिटोरियम में स्पार्क अवार्ड कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसमें प्रमुख रूप से केन्द्रीय शहरी आवासन मंत्री मनोहरलाल खट्टर और केन्द्रीय शहरी राज्य मंत्री तोखन साहू मौजूद रहेंगे।



### सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन जारी रहेगा- साव

प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि छग में नगरीय निकाय के अंतर्गत जारी योजनाओं का संचालन और विकास कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जनहित की योजनाओं का लाभ प्रदेशवासियों को प्राथमिकता और गुणवत्ता के साथ मिलता रहेगा और सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन जारी रहेगा।



### हमारे लिए बड़ी उपलब्धि- कमिश्नर

नगर निगम कमिश्नर अमित कुमर ने कहा कि पीएम स्वनिधि योजना के सफल और बेहतर क्रियान्वयन के लिए नगर निगम बिलासपुर को श्रेष्ठ प्रदर्शन की श्रेणी में शामिल किया गया है। यह हमारे लिए उपलब्धि है। इसके लिए मैं निगम की टीम, हितग्राहियों और शहरवासियों को बधाई देता हूं। आगे और बेहतर करें इसके लिए प्रयास जारी रखेंगे।

### 9 हजार 465 हितग्राहियों को ऋण का आबंटन

1 जनवरी 2024 से 12 जुलाई 2024 तक पीएम स्वनिधि के प्रथम ऋण 10 हजार, द्वितीय ऋण 20 हजार और तृतीय ऋण के लिए 330 कुल 12126 आवेदन का लक्ष्य मिला था। इसमें अभूतपूर्व प्रदर्शन करते हुए नगर निगम ने प्रथम ऋण में 15534, द्वितीय में 5411 और तृतीय में 597 कुल मिलाकर 21542 आवेदन प्राप्त किए और स्वीकृत तथा पात्र आवेदनों पर तेज गति से कार्य करते हुए रिकार्ड समय सीमा में प्रथम श्रेणी के 7079, द्वितीय श्रेणी के 2009 और तृतीय श्रेणी के 377 कुल मिलाकर 9465 हितग्राहियों को प्रक्रिया पूरी करते हुए ऋण का आबंटन भी कर दिया।

### ऐसे मिला बिलासपुर को स्पार्क अवार्ड

स्पार्क अवार्ड आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय एमओएचयूए द्वारा राज्यों के प्रदर्शन के आधार पर दिया जाता है, जिन्होंने वार्षिक आधार पर डीएवाई-एनयूएलएम के तहत लक्षित योजनाओं को पूरा किया है। इसके अंतर्गत पीएम स्वनिधि योजना के तहत अधिक से अधिक कितने हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। प्राप्त आवेदनों का समय सीमा में निराकरण और लक्षित समय में हितग्राहियों को ऋण का आबंटन हुआ है या नहीं। इस आधार पर 1 जनवरी 2024 को बिलासपुर नगर निगम को 12126 हितग्राहियों तक पहुंचने, उनसे आवेदन लेने का लक्ष्य दिया गया, जिस पर कार्य करते हुए बिलासपुर नगर निगम ने सिर्फ 6 माह में न सिर्फ लक्ष्य को हासिल किया, बल्कि उससे कहीं आगे बढ़कर आवेदन प्राप्त किए और उसका समय से पहले निराकरण किया।

### 6 महीनों के भीतर आई कार्यों में तेजी

जनवरी 2024 से राज्य के नगरीय निकायों में एनयूएलएम और पीएम स्वनिधि का क्रियान्वयन काफी बेहतर और व्यवस्थित तरीके से किया गया, जिसका नतीजा रहा कि अन्य निकायों के साथ बिलासपुर ने भी इसमें अभूतपूर्व प्रदर्शन किया। उप-मुख्यमंत्री अरूण साव ने अपनी पहली समीक्षा बैठक में ही सभी निकायों को केन्द्र और राज्य के जनहित योजनाओं और मिशन के कार्यों को प्राथमिकता के साथ तेज गति से करने के निर्देश दिए थे। इसके अलावा आजीविका मिशन के कार्यों को उप-मुख्यमंत्री श्री साव द्वारा लगातार मानिटरिंग भी की जाती रही है।

## खबर संक्षेप

### स्वामी हरिहरानंद महराज से कुलपति ने लिया आशीर्वाद



बिलासपुर। अटल बिहारी वाजपेयी विश्व विद्यालय के कुलपति डॉ एडीएन वाजपेयी ने रविवार को अमरकंटक मृत्युंजय आश्रम पहुंच महामंडलेश्वर स्वामी हरिहरानंद सरस्वती महाराज से आशीर्वाद लिया।

### पीताम्बरा पीठः देवी की सिद्धिदात्री के रूप में पूजा, नवमीं पर आज कन्या पूजन





बिलासपुर। सरकण्डा स्थित श्री पीताम्बरा पीठ त्रिदेव मंदिर में आषाढ़ गुप्त नवरात्र उत्सव के नवे दिन सुबह श्री ब्रह्मशक्ति बगलामुखी देवी का विशेष पूजन श्रृंगार मातंगी एवं सिद्धिदात्री देवी के रूप में किया गया। पीताम्बरा पीठाधीश्वर आचार्य डॉ. दिनेश महाराज ने बताया कि रात्रि में पीताम्बरा हवनात्मक महायज्ञ में श्री ब्रह्मशक्ति बगलामुखी मंत्र द्वारा 21 हजार आहुतियां देकर महाआरती की गई। नवमीं को कमला देवी के रूप में श्री ब्रह्मशक्ति बगलामुखी देवी का विशेष पूजन श्रृंगार कर कमला देवी के रूप में कन्याओं का पूजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि देवी मातंगी दस महाविद्या में नवीं महाविद्या है। यह वाणी और संगीत की अधिष्ठात्री देवी कही जाती हैं। देवी मातंगी दांपत्य जीवन को सुखी एवं समृद्ध बनाने वाली होती हैं। इनका पूजन करने से गृहस्थ के सभी सुख प्राप्त होते हैं। माँ मातंगी पुरुषार्थ चतुष्ट्य की प्रदात्री हैं। भगवती मातंगी अपने भक्तों को अभय का फल व अभिष्ट सिद्धि प्रदान करती हैं। देवी कमला सभी दिव्य गतिविधियों में उर्जा के रूप में मौजूद रहती हैं।

### नेशनल लोक अदालत में एकमुश्त समझौता नीति की दी जानकारी



बिलासपुर। व्यवहार न्यायलय के परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों मामलों का निपटारा किया गया। चालू वित्तीय वर्ष की इस पहली राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन न्यायिक पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया, जिसमें भारतीय स्टेट बैंक प्रशासनिक कार्यालय के उप महाप्रबंधक (व्यवसाय एवं परिचालन) अलोक रंजन, आनंद प्रियदर्शी (क्षेत्रीय प्रबंधक) एवं अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित हुए। राष्ट्रीय लोक अदालत के उपलक्ष्य में आलोक ने भारतीय स्टेट बैंक में वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में चल रहे एकमुश्त समझौता नीति के बारे में ऋणियों को जागरूक किया एवं अनर्जक ऋणियों को कर्जमुक्त होने का लाभ के बारे में भी अवगत कराया ।

### रोटरी ई क्लब ने किया पौधरोपण, 120 पौधे की देखभाल की ली जिम्मेदारी



बिलासपुर। पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने रोटरी ई क्लब आफ बिलासपुर युनाइटेड ने वृहद पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया। पौधरोपण कार्यक्रम में क्लब के सदस्यो ने प्यारा सिंह फार्म हाउस कलमीटार रोड रतनपुर में 120 पौधे लगाए और इसके रखरखाव, देखभाल और पोषित करने की जिम्मेदारी क्लब ने ली । पौधरोपण कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष रो. गुरमीत सिंह अरोरा, सचिव डा. चरनजीत सिंह गंभीर, विकास केजरीवाल, संजय ढुआ, पियूष गुप्ता, डा गौरव प्रजापती, विनोद मित्तल, प्रमोद अग्रवाल, विनोद पाण्डेय ने संकल्प के साथ पौधारोपण किया।

### हरिहर ऑक्सीजोन के 300 सदस्यों ने राम रसोई में किया भोजन



बिलासपुर। हरिहर आक्सीजोन परिवार ने श्री राम रसोई गोंड़पारा में रविवार को भोजन प्रसाद वितरण सेवा में सहयोग किया श्री राम रसोई सेवा के संस्थापक आरके अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, पंकज श्रीवास्तव , प्रमोद अग्रवाल, बबिता ताम्रकार ने संयुक्त रूप से बताया कि रविवार को 3 सौ लोगों ने भोजन प्रसाद प्राप्त कर तृप्त हुए। मुख्य अतिथि डॉ एलसी मढ़रिया ने राम रसोई टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अपने जीवन व परिवार के खास अवसर जन्मदिन, शादी की वर्षगांठ, माता-पिता की पुण्यतिथि पर श्री राम रसोई में आम लोगों को स्वादिष्ट भोजन कराकर पुनीत कार्य के सहभागी बनने की अपील की। इस मौके पर हरिहर परिवार के भुवन संतोषी वर्मा, मदन मोहन रेखा गुल्ला, डॉ शंकर यादव, एसपी रजक, गणेश मोना बोड़के, अजय आरती रजक, ममता गुप्ता, श्रीराम यादव, संतोष चंद्र, प्रमोद साहू सहित श्री राम रसोई एवं हरिहर ओक्सीजोन परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

#### अमृत भारत योजना के तहत स्टेशन को किया जा रहा अपग्रेड, अफसर ध्यान नहीं दे रहे इसलिए समय पर नहीं हो रहा काम

# लेटलतीफीः उसलापुर स्टेशन में न पार्किंग में शेड बना, न ही सेकेंड एंट्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अमृत भारत योजना के तहत उसलापुर रेलवे स्टेशन में अगस्त 2023 से काम शुरू किया गया है। भवन सौंदर्यीकरण के साथ ही अनावश्यक निर्माण व रेलवे क्वार्टर हटाकर स्टेशन परिसर का विस्तार किया जाना है।

इस काम को शुरू हुए लगभग 10 माह बीत चुके है, लेकिन अभी तक प्लेटफार्म में शेड का काम अधूरा है। इसके साथ ही यहां स्टेशन के बाहर बन रहे दो पहिया और चार पहियां वाहनों के लिए बनाए जा रहे पार्किंग का काम भी पूरा नहीं हुआ है। खुले आसमान के नीचे गाड़ियां खड़ी हो रही हैं। ऐसे में तेज धूप और बारिश के चलते इनके कलर खराब हो रहे हैं।

दरसल बिलासपुर रेलवे स्टेशन में बढ़ते यातायात के दबाव को कम करने के लिए उसलापुर रेलवे स्टेशन में पूर्व से ही विकास कार्य चल रहा है। केन्द्र शासन के अमृत भारत योजना से उसलापुर के जुडने के बाद स्टेशन का कायाकल्प होने का दावा किया जा रहा था। उसलापुर रेलवे स्टेशन में यात्रियों को बेहतर सुविधा व पार्किंग के पर्याप्त जगह मिल सके इसके निर्माण करा रही है, लेकिन काम इतनी धीमी गति से चल रहा है कि 10 माह बीत जाने के बाद भी अब तक कोई काम पूरा नहीं हो पाया है।



### उसलापुर में कोई जिम्मेदार अधिकारी नहीं

उसलापुर रेलवे स्टेशन में यात्रियों को आने वाले दिनों में प्रमुख ट्रेनों से यात्रा की सुविधा के साथ ही स्टेशन पहुंचने वाले यात्रियों को स्टेशन में बेहतर अनुभव हो इसके लिए रेलवे ने 8 करोड 53 लाख की लागत से स्टेशन का कायाकल्प कराया जा रहा है। रेलवे के सीपीआरओ विकास कश्यप की माने तो स्टेशन में काम पूरा होने में अभी समय लगेगा। इसकी मानीटरिंग भी कराई जा रही है। वहीं उसलापुर स्टेशन में कोई जिम्मेदार अधिकारी भी नहीं होने से काम में लेटलतीफी हो रही है।

### रेलवे स्टेशन में होंगे ये काम

- सर्कुलेटिंग एरिया का सौंदर्यीकरण।
- स्टेशन में लाइटिंग के साथ विकास।
- पोर्च के साथ बड़ा प्रवेश व निकासी द्वार।
- स्टेशन प्लेटफार्म में अतिरिक्त शेल्टर की व्यवस्था।
- गार्डन के साथ ही व्यवस्थित पार्किंग।
- सेकेंड डोर एंट्री गेट, सेकंड एंट्री में पार्किंग, रोड, प्रतीक्षालय का पुनर्विकास।
- दूसरे छोर से स्टेशन पहुंचने व टिकट लेने की सुविधा।

#### जंगल में ज्यादातर जगहों पर मार्ग कच्चे, बारिश के दिनों में चलना खतरे से खाली नहीं

# 4 महीने के लिए एटीआर बंद, 1 नंवबर से सैलानी कर सकेंगे जंगल की सैर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अचानकमार टाइगर रिजर्व अगले 4 माह के लिए बंद कर दिया गया है, अब आम लोगों का जंगल में प्रवेश निषेध होगा। वहीं इस दौरान जंगल के वन्यप्राणी अपना कुनबा बढ़ा सकेंगे। पिछले एक साल में 45 सौ से अधिक लोगों ने एटीआर की सैर की है और विभाग को करोड़ों रूपए का राजस्व भी प्राप्त हुआ है, जिसका एटीआर के विकास में उपयोग किया जा सकेगा।

- इस मौसम में जंगल के वन्यप्राणी अपना कुनबा बढ़ाएंगे

राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के आदेश के बाद एटीआर प्रबंधन ने एटीआर को बंद करा दिया है। अब एटीआर एक नवंबर से खुलेगा। एटीआर को बंद करने के पीछे दो बड़ी वजह है। हर साल बारिश के मौसम में 4 माह के लिए एटीआर में पर्यटकों की सैर बंद की जाती है, इस दौरान जंगल में अच्छी खासी बारिश होती है। वहीं दूसरी ओर वन्य प्राणियों की ब्रीडिंग का सीजन होने के कारण सुरक्षा कारणों के चलते जंगल में प्रवेश निषेध किया जाता है। जंगल में ज्यादातर जगहों पर कच्चे मार्ग हैं, जिसमें चलना भी खतरे से खाली नहीं होता है। बारिश की वजह से कीचड़ होता है और सैर के दौरान वाहन फंसने का अंदेशा भी बढ़ जाता है। इस दौरान शिवतराई का बैगा रिसार्ट बंद नहीं किया जाएगा, परन्तु जिप्सी जंगल में नहीं जाएगी। एटीआर प्रबंधन जिप्सी के ड्राइवरों को आधी सैलरी देगा और उन्हें अन्य कार्यों में लगाया जाएगा। 1 नवंबर 2023 से 18 जून 2024 तक अचानकमार में 4 हजार 506 लोगों ने सैर किया है, जिससे विभाग को एक करोड़ रूपए की आमदनी हुई है। इस आमदनी का एटीआर के विकास में उपयोग किया जाएगा।

#### शिवतराई का बैगा रिसॉर्ट नहीं होगा बंद, वन विभाग की जिप्सी नहीं चलेगी





### जंगल सफारी से लाए 42 चीतलों को इसी माह छोड़ा

जंगल सफारी से लाए गए 42 चीतलों को एटीआर में छोड़ा गया है। आदेशों के अनुसार सफारी के वन्यजीवों को सीधे तौर पर जंगल में नहीं छोड़ा जा सकता है। इसके लिए वन विभाग ने बाड़े का निर्माण किया है। एटीआर प्रबंधन ने छपरवा में दो किमी का बाड़ा बनाया है। जंगल सफारी के 42 चीतलों छोड़ा गया है। विभाग के अनुसार कुल 150 चीतलों की शिफ्टिंग की जानी है।

### रिसार्ट की होगी बुकिंग

बारिश के दौरान पर्यटकों के नहीं आने के कारण वन विभाग पर आर्थिक बोझ पड़ता है, इसे दिखते हुए वन विभाग द्वारा बनाए गए रिसार्ट को खोलने की अनुमति ली गई है। बारिश के 4 माह पर्यटक रिसार्ट की बुकिंग करा सकते हैं। शिवतराई में 22 कमरों का रिसार्ट बनाया गया है। इनमें से 18 पर्यटकों की बुकिंग की जाएगी। यहां पर्यटकों के ठहरने की व्यवस्था की गई है। एक रिसार्ट में दो लोग रह सकते हैं।

### 1 नवंबर तक बंद रहेगा

जंगल फिलहाल बंद रहेगा, 1 नवंबर से दोबारा पर्यटक आ सकेंगे। इस दौरान जंगल में किसी भी आम आदमी को जाना बंद कराया जाता है। एक साल के भीतर 45 सौ लोगों की एंट्री पर्यटक के तौर पर हुई है।

-यू आर गणेश, डीएफओ, एटीआर

#### एजुकेशन प्लस

## टाइम इंस्टीट्यूट बिलासपुर सेंटर के सफल 11 वर्ष पूरे

- आईआईएम में 300 से अधिक स्टूडेंट फाइनल में हुए सलेक्ट



बिलासपुर। टाइम इंस्टीट्यूट भारत की अग्रणी कोचिंग संस्थान के बिलासपुर सेंटर ने 11 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं । बिलासपुर के छात्रों को राष्ट्रीय स्तर की उत्तम कोचिंग प्रदान करने के उद्देश्य से संस्थान के डायरेक्टर मनीष अग्रवाल ने 2013 में टाइम बिलासपुर की स्थापना की थी। विगत 11 वर्षों से ये संस्थान छात्रों को कैट और अन्य एमबीए एंट्रेंस एग्जाम, बैंकिंग पीओ व क्लर्क, एसएससी , रेलवे इत्यादि परीक्षाओं के लिए तैयार कर रही है।

गत वर्ष देशभर के सभी टाइम सेंटर्स में बिलासपुर 7वें स्थान पर था। इन 11 वर्षों में आईआईएम में बिलासपुर सेंटर ने आईआईएम में 300 से अधिक फाइनल सिलेक्शन दिए हैं। इस वर्ष भी 9 विद्यार्थियों का चयन आईआईएम में हुआ है। आईआईएम के अलावा अन्य प्रतिष्ठित कॉलेज जैसे एसपी जैन, एफएमएस , एक्सएलआरआई , सिम्बायोसिस , नरसीमुंजी, टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ़ सोशल साइंसेस आदि में भी कई छात्रों का चयन हुआ है। मनीष अग्रवाल के मुताबिक आज के प्रतिस्पर्धी वातावरण में आला एमबीए कॉलेज जैसे आईआईएम से अलग पहचान व बेहतर अवसर प्राप्त होता है। इन कॉलेज में प्रवेश के लिए नवंबर महीने में प्रस्तावित कैट परीक्षा देना अनिवार्य होता है। ये एग्जाम कॉलेज के फाइनल ईयर स्टूडेंट या फिर ग्रेजुएट हो चुके विद्यार्थी दे सकते हैं। जो विद्यार्थी इस साल कैट परीक्षा की तैयारी करना चाहते हैं, उनके लिए भी 17 जुलाई से नया शार्ट टर्म बैच प्रारम्भ हो रहा है। छात्र अपने प्री-फाइनल ईयर से तैयारी प्रारंभ कर सकते हैं जिससे वे अगले वर्ष होने वाली कैट एग्जाम दे कर आईआईएम में पढ़ने के अपने सपने की ओर कदम बढ़ा सकें। कैट 2025 के लिए नई बैच 16 जुलाई से प्रारम्भ हो रही है। 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में टाइम बिलासपुर विद्यार्थियों को विशेष छूट प्रदान कर रहा है जो सीमित समय के लिए उपलब्ध है। जो छात्र कैट 2024 और 2025 की तयारी करना चाहते हैं वे इस विशेष अवसर का लाभ उठा सकते हैं ।

## रोटरी क्लब की नई कार्यकारिणी ने संभाला कार्यभार




बिलासपुर। रोटरी क्लब बिलासपुर में नए सत्र का कार्यभार ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। हर वर्ष 1 जुलाई से नई कार्यकारिणी कार्यभार संभालती है और पूरे वर्ष समाज सेवा के कार्य करती रहती है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए अमित चक्रवर्ती ने क्लब के पिछले कई वर्षों के सेवा कार्यों की जानकारी दी।
उन्होंने बताया कि वर्ष 2024-25 के लिए रोटेरियन पवन नलोटिया अध्यक्ष, रोटेरियन शैलजा शुक्ला सचिव व रोटेरियन राजीव भारद्वाज कोषाध्यक्ष रहेंगे। इस अवसर पर सेवानिवृत्त मानद अध्यक्ष आशीष अग्रवाल ने अपने कार्यकाल के संबंध में उपस्थित लोगों को जानकारी दी और सदस्यों को उनकी सेवाओं के लिए विशेष स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रोटेरियन अखिल मिश्रा डिस्ट्रिक्ट गवर्नर 3261 थे। उन्होंने रोटरी फाउंडेशन के सभी सदस्यों द्वारा स्वैच्छिक दान के लिए रोटरी क्लब बिलासपुर की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि दान के माध्यम से ही सेवा कार्य किया जा सकता है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एलआईसी के वरिष्ठ मंडल प्रबंधक एसके साल्वी ने कहा कि रोटरी क्लब अपनी सेवा के लिए जाना जाता है तथा इससे जुड़े सदस्य समाज में सकारात्मक भूमिका निभा रहे हैं। अपने अध्यक्षीय भाषण में पवन नलोटिया ने 2024-25 की प्रस्तावित परियोजनाओं की जानकारी दी। इसमें मुख्य रूप से विकलांगता निवारण, कौशल विकास, वरिष्ठ नागरिकों के लिए कार्यक्रम, दीनदयाल पार्क के रख-रखाव एवं संचालन के लिए नगर निगम बिलासपुर से अनुमति प्राप्त करना आदि कार्यक्रम शामिल हैं। सचिव शैलजा शुक्ला ने कार्यकारिणी की घोषणा की।

#### 100 वर्षों से करते आ रहे पूजा

## छत्री समाज ने धूमधाम से की आषाढ़ी पूजा, महाआरती कर चढ़ाया नैवेद्य

बिलासपुर। छत्री समाज ने आषाढ़ी 'टोटल्ला' पूजा रविवार को बड़े ही धूमधाम से मनाया। अच्छी फसल और बच्चों की खुशहाली के लिए छत्री समाज द्वारा ये पूजा हर साल की जाती है। इस अवसर पर समाज के सभी सदस्यों ने तालापारा स्थित मां मरीमाई मंदिर में पूजा की और मां को नैवेद्य अर्पण किया। समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र राव सोमावार ने बताया कि लगभग 100 वर्षों से अनवरत प्रति वर्ष मनाया जा रहा है। इस वर्ष छत्री समाज की भजन मण्डली ने मां श्यमशान वासनी की महाआरती की। सभी सदस्यों ने उत्साह के साथ भजन किया और मांदर की धुन पर मां मरीमाई की महाआरती की।

### मातृशक्ति ने निभाई भूमिका बढ़ चढ़ कर दी सहभागिता

श्री सोमावार ने बताया कि इस वर्ष मातृ शक्ति का योगदान सराहनीय रहा। नवनियुक्त पदाधिकारी श्रीमती मनीषा सोमावार के नेतृत्व में महिलाओं ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी सहभागिता निभाई। इस अवसर पर बिलासपुर अध्यक्ष विकास राव कायरवार के अलावा निलेश सोमावार, बबलू आतकुरवार, विकास सोमावार व मनीष राचलवार ने छत्री समाज के सदस्यों को पूजा की शुभकामनाएं दी।



## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर यादव समाज निकालेगा शोभायात्रा



बिलासपुर। सर्व यादव समाज ने रविवार 14 जुलाई को सरकंडा स्थित राधा कृष्ण मंदिर में आगामी 26 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव आयोजन के लिए पहली बैठक सर्व यादव समाज महिला एवं पुरुष प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित की गई। बैठक में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाने एवं भव्य शोभा यात्रा निकालने पर चर्चा की गई। इसमें शोभायात्रा बृहस्पति बाजार स्थित स्व. बीआर यादव की प्रतिमा के पास से निकाली जाएगी। शोभा यात्रा नेहरू चौक होते हुए देवकीनंदन चौक, कंपनी गार्डन, सदर बाजार, गोल बाजार होते हुए लाल बहादुर शास्त्री स्कूल मैदान में समापन किया जाएगा । शोभा यात्रा में श्रीकृष्ण की झांकी निकाली जाएगी साथ ही महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली जाएगी। बैठक में समिति के अध्यक्ष विष्णु यादव ने कार्यक्रम की रूपरेखा एवं शोभायात्र की तयारी के लिए सम्बंधित ज़िम्मेदारियो पर चर्चा की। बैठक में सर्व यादव समाज महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष श्रीमती गीता कृष्ण यादव, जिलामहामंत्री सरिता यादव, संरक्षक सुनीता यादव, मीडिया प्रभारी सुश्री राखी यादव व सदस्य तथा समिति के अध्यक्ष विष्णु यादव, महासचिव रामचंद यादव, सचिव जागेश्वर यादव, कार्यकारणी अध्यक्ष लाल जी यादव, प्रवक्ता श्रीराम यादव, युवा उपाध्यक्ष ललित यादव, कोषाध्यक अभिमन्यु यादव, अजय यादव, सरजू यादव, सरपंच सतीश यादव, शिवचरण यादव, महासचिव सर्व यादव समाज अजय यादव, परिक्षेत्र अध्यक्ष विक्की यादव, आयुष यादव, अनिल यादव, संतोष यादव, विक्की यादव सरकंडा आदि उपस्थित रहे।

#### कोल इंडिया की सिलोस अध्यक्षा श्रीमती विमला प्रसाद के आतिथ्य में कार्यक्रम

## श्रद्धा महिला मंडल ने जरूरतमंदों को बांटे ट्राई साइकिल व ई-रिक्शा

बिलासपुर। श्रद्धा महिला मंडल ने नारी एवं दिव्यांग सशक्तीकरण के अभिनव प्रयासों में एक और अध्याय जोड़ते हुए रविवार 14 जुलाई को 10 ट्राइसाइकिल एवं 11 ई-रिक्शा प्रदान किया।

कोल इंडिया से पधारीं कोल इंडिया ऑफिसर्स वाइव्स समिति (सिलोस) की अध्यक्षा श्रीमती विमला प्रसाद के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में सिलोस की सदस्याएं श्रीमती रिंकी नंदा, श्रीमती अर्चना चौधरी, श्रीमती नंदिनी त्रिपाठी साथ ही श्रद्धा महिला मंडल अध्यक्षा श्रीमती पूनम मिश्रा तथा उनकी सहयोगी श्रीमती संगीता कापरी, श्रीमती राजी श्रीनिवासन, श्रीमती अनीता फ्रैंकलिन, श्रीमती इप्सिता दास और कमिटी की अन्य सदस्याएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में 10 दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल प्रदान की गई, जिसमें मुख्यालय बिलासपुर से 6 हितग्राही एवं संचालन क्षेत्रों के 4 हितग्राही शामिल रहे, इनमें 4 महिलाएं शामिल रहीं। वहीं 11 जरूरतमंदों को ई-रिक्शा प्रदान किए गए, जिसमें मुख्यालय से 8 एवं संचालन क्षेत्रों से 3 हितग्राही शामिल रहे। वहीं 10 महिला हितग्राहियों को रिक्शा प्रदान किया गया।





### लाभार्थी बोले आने जाने में होगी सुविधा

ई-रिक्शा एवं ट्राइसाइकिल पाकर सभी हितग्राही बेहद खुश नज़र आए। दिव्यांग लाभार्थियों ने कहा कि ट्राइसाइकिल मिलने से उन्हें आने-जाने में सुविधा मिलेगी साथ ही रोजगार पाने में आसानी होगी। ई-रिक्शा लाभार्थियों ने कहा कि पहले किराए पर रिक्शा लेकर चलाने में उन्हें आर्थिक कठिनाई का सामना करना पड़ता था लेकिन खुद का ई-रिक्शा मिल जाने से वे अब खुद की एवं अपने परिवार की बेहतर तरीके से देखभाल कर पाएंगी।

### महिला सफाईकर्मियों का सम्मान

इसके साथ ही आज के कार्यक्रम में एसईसीएल मुख्यालय एवं दोनों कॉलोनियों में कार्यरत 80 से अधिक महिला सफाईकर्मियों को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ने सम्मानित कर उनकी हौसलाअफजाई की। इससे पहले 13 जुलाई को सखी स्नेह मिलन 2024 कार्यक्रम का आयोजन श्रीमती विमला प्रसाद के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम में श्रद्धा महिला मण्डल मुख्यालय बिलासपुर एवं एसईसीएल संचालन क्षेत्रों की समितियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई, जिसमें गीत-संगीत, नृत्य, नाटक आदि की प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया।

### गोंड़पारा में श्रीमद् भागवत कथा में भक्तों ने मनाया कृष्ण जन्मोत्सव



बिलासपुर। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. दयानंद वर्मा, श्यामानंद वर्मा व पूर्वजों की स्मृति में अशोक रंजन वर्मा के निवास स्थान गोंड़पारा में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें भागवताचार्य पं. पंकज भूषण मिश्रा द्वारा भागवत कथा का रसपान कराया जा रहा है। आज की कथा के बाद कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कथा में भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं का विस्तार से वर्णन कर श्रोताओं को सुनाया जा रहा है। आज की कथा में डॉ. मढ़रिया, डॉ. वर्मा, पूर्व विधायक शैलेष पाण्डेय, वाणीराव व समस्त मोहल्लेवासी सम्मिलित रहे। श्रीमद् भागवत कथा का समापन 18 जुलाई को भंडारा एवं प्रसाद वितरण के साथ किया जाएगा।

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, सोमवार 15 जुलाई 2024
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



## आयोजन

### समाज के आधार होते हैं सीनियर सिटीजन : डॉ मंदार



**बिलासपुर।** ज्येष्ठ नागरिक संघ एवं अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन रविवार को अनुभव भवन में किया गया। इसमें लगभग 70 सदस्य लाभान्वित हुए। सभी वरिष्ठ नागरिकों ने नियमित रूप हेल्थ चेकअप कराने का निश्चय किया। ज्येष्ठ नागरिक संघ के अध्यक्ष अरविंद दीक्षित ने बताया कि प्रत्येक माह के दूसरे रविवार स्वास्थ्य शिविर का अयोजन किया जाएगा। शिविर में अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के जनरल मेडिसीन हेल्थ चेकअप विभाग डॉ. मंदार गोकाते ने ज्येष्ठ नागरिकों को निःशुल्क परामर्श दिया। अपोलो की ओर से विशेष निःशुल्क जांच की भी व्यवस्था की गई। ज्येष्ठ नागरिक संघ की सचिव सत्यभामा अवस्थी ने अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर द्वारा हर माह विशेषज्ञों की उपलब्धता के लिए विशेष धन्यवाद दिया। अपोलो हास्पिटल के प्रबंधक अजय झाड़े ने ज्येष्ठ नागरिकों से प्री-वेंटिव केयर के महत्व को साझा किया और नियमित रूप एनुअल हेल्थ चेक करने की अपील की। शिविर में अपोलो नर्सिंग टीम की नीतू साहू एवं हाउस कीपिंग विभाग के नर्मदा का विशेष योगदान रहा।

■ ज्येष्ठ नागरिक संघ व अपोलो हॉस्पिटल का स्वास्थ्य शिविर

**ये रहे मौजूद :** इस अवसर पर अध्यक्ष अरविन्द दीक्षित, सचिव सत्यभामा अवस्थी, सह सचिव बालगोविन्द अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य प्रभात मिश्रा, डॉ सुधाकर बिबे, वायडी दीवान, राम सिंह स्वर्णकार, निशेष वर्मा, सुरेश शर्मा, हरीश मगर, इन्द्रमन सिंह ठाकुर, आशा दीवान सहित ज्येष्ठ नागरिक संघ के सदस्य उपस्थित रहे।

## एग्जाम

### बीएससी नर्सिंग में पूछे गए रोग सबंधी व फार्मूले से जुड़े प्रश्न



**बिलासपुर।** व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा रविवार को बीएससी नर्सिंग की परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर सवा 12 बजे तक आयोजित की गई, शहर में इस परीक्षा के लिए 10 केन्द्र बनाए गए थे। प्रश्नपत्र में रोग सबंधी और फार्मूले से जुड़े प्रशन पूछे गए। इसके अलावा बायो,फिजिक्स, लैंगवेज के भी प्रश्न पूछे गए। छात्रों को प्रश्नपत्र आसान लगा, सभी ने प्रश्नों को अच्छे से हल किया। इस परीक्षा के लिए 4 हजार 775 छात्रों ने आवेदन किया था, परन्तु आधे ही छात्र परीक्षा देने पहुंचे। व्यापमं ने परीक्षा तिथियों में तीसरी बार बदलाव किया है। पहले ये परीक्षा मई में आयोजित होनी थी, लेकिन लोकसभा चुनाव की वजह से तिथियों में बदलाव किया गया था।

■ व्यापमं द्वारा 10 केन्द्रों में आयोजित की गई परीक्षा

**ढाई हजार छात्र नहीं पहुंचे :** व्यापमं द्वारा आयोजित परीक्षा में चार हजार से अधिक छात्र परीक्षा के लिए पंजीकृत थे, लेकिन परीक्षा देने आधे से भी कम छात्र पहुंचे। 2 हजार 558 छात्रों ने परीक्षा नहीं दी। एक बार फिर व्यापमं की परीक्षा निःशुल्क होने से उपस्थिति कम रही और शासन का लाखों रूपए तैयारी में खर्च हो गया। बीएससी नर्सिंग की परीक्षा में क्वालिफाई हो जाने से छात्रों को शासकीय व प्राइवेट नर्सिंग कॉलेजों में पढ़ाई करने का अवसर मिलेगा। इस परीक्षा में प्राप्त अंक के आधार पर अलग-अगल कॉलेज छात्रों को मिलेगा। अधिकांश छात्र शासकीय कॉलेज में प्रवेश पाना चाहेंगे, मगर जिस छात्र का रैंक अधिक होगा उसे ही सरकारी कॉलेज में प्रवेश मिलेगा।

## स्पोर्ट्स न्यूज

### शतरंज स्पर्धा में प्रथम भावेश बालिका में निधि ने बनाई जगह



**बिलासपुर।** जिला शतरंज संघ के तत्वावधान में एक दिवसीय अंडर 11 शतरंज स्पर्धा का शासकीय कन्या उमा विद्यालय सरकंडा में आयोजन किया गया। इस स्पर्धा में मुख्य अतिथि के रूप में बी एन अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि गुरदीप सिंह आजमानी,अरविंद चावला थे। स्पर्धा के डायरेक्टर विक्रान्त कक्कड़ थे। स्पर्धा कुल 5 राउंड में आयोजित की गई, जिसमें 18 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसमें प्रथम स्थान भावेश कुमार कैवर्त, द्वितीय स्थान अद्विक अग्रवाल ने प्राप्त किया एवं बालिका वर्ग में प्रथम स्थान निधि ध्रुवंशी एवं द्वितीय स्थान समैरा उभरानी ने प्राप्त किया। ये 4 खिलाड़ी दुर्ग जिला में आयोजित राज्य स्तरीय अंडर 11 शतरंज स्पर्धा में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी। स्पर्धा के मुख्य निर्णायक ओमप्रकाश वन्दे, योगेश देवांगन, आलोक क्षत्रिय एवं कृष्णा पटेल का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। स्पर्धा में प्रथम तीन स्थान प्राप्त खिलाड़ियों को ट्रॉफी प्रदान की गई एवं चतुर्थ से सप्तम स्थान प्राप्त खिलाड़ियों को मेडल प्रदान किया गया। अंदर 8 वर्ग में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त खिलाड़ियों को ट्रॉफी प्रदान की गई एवं तृतीय से पंचम स्थान प्राप्त खिलाड़ियों को मेडल प्रदान किया गया।

■ एक दिवसीय अंडर 11 शतरंज स्पर्धा का आयोजन

### महाप्रभु का दर्शन करने उमड़ी भीड़, महाआरती कर बांटे गए प्रसाद

इस्कॉन बिलासपुर ने रविवार को भव्य रथयात्रा निकाली। इसमें महाप्रभु जगन्नाथ अपने भाई बलभद्, बहन सुभद्रा के साथ रथ पर बैठकर शहर का भ्रमण किया। इस दौरान श्रद्धालु भक्त भारी संख्या में भगवान का दर्शन करने पहुंचे एवं उत्साह के साथ कृष्ण भक्ति में नाचते झूमते रवाना हुए।





# इस्कॉन ने निकाली रथयात्रा, नाचते गाते भक्त हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रथयात्रा वीर नारायण सिंह अन्न श्रम सहायता केंद्र बृहस्पति बाजार से निकली। रथ निकलने से पहले भगवान जगन्नाथ की विधि-विधान से पूजा कर भोग लगाया गया। आरती की गई। छेरापहरा की रस्म विधायक धरमलाल कौशिक ने की। फिर अतिथि ने रथ का रस्सा खींचा। इसके बाद श्रद्धालु भक्तों ने रस्सा खींचा। रस्सा खींचने के बाद रथयात्रा शुरू हुई जो कि देवकीनंदन चौक, सदर बाजार, गोल बाजार, तेलीपारा, पुराना बस स्टेण्ड, अग्रसेन चौक, सत्यम चौक, पुलिस लाइन, फूल चौक होते हुए वृहस्पति पहुंच कर समाप्त हुई। यहां भगवान को 56 भोग लगाकर महाआरती की गई। प्रसाद का वितरण किया गया।

मान्यता है कि रथयात्रा में रथ खींचने से मोक्ष की प्राप्ति होती है। रास्ते में विभिन्न संस्थाओं व भक्तों द्वारा रथयात्रा का स्वागत किया गया। इस्कान बिलासपुर केंद्र के व्यवस्थापक जुगल किशोर दास ने बताया कि इस्कान द्वारा विगत तीन वर्षो से रथयात्रा निकाली जा रही है। इस आयोजन का उद्देश्य शहरवासियों को भगवान का दर्शन कराना है। अंत में श्रद्धालुओं और कलाकारों ने सांस्कृतिक और आध्यात्मिक कार्यक्रम पेश किए।







### सजाई गई आकर्षक रंगोली

महाप्रभु जगन्नाथ के स्वागत में रथयात्रा स्थल के दरवाजे में दिव्या चतुर्वदी व श्री गुप्ता द्वारा आकर्षक संस्कार भारती रंगोली सजाई गई। श्रीमती गुप्ता व श्रीमती चतुर्वेदी ने बताया कि रंगोली हर शुभ कार्य में बनाई जाती है। रथयात्रा का यह एक बड़ा अवसर रहा और रंगोली बना ली गई।

### सुगंधित फूलों से सजाया गया रथ

जगन्नाथजी के रथ को सुगंधित पुष्प गेंदा, मोंगरा, रजनीगंधा, गुलाब से सजाया गया था। वहीं जय जगन्नाथ, हरी बोल के जयकारे से पूरा शहर गूंज रहा था।

### इनका रहा सहयोग

रथयात्रा कार्यक्रम को सफल बनाने में जुगल किशोर दास, महात्मा प्रिया, आशीष, प्रशांत अग्रवाल, आदि केशव दास, शैलेंद्र दास, रघुवीर गुप्ता, श्री जैन, अधिवक्ता जयंत कुमार, भौमेश साहू सहित शहरवासियों का सहयोग रहा।

# सीमा की कृति में अलौकिक संस्कृति सभ्यता का है बेहतर समन्वय





काव्य संग्रह 'ना जाने वह है कौन' का विमोचन व सम्मान समारोह

**बिलासपुर।** प्रयास प्रकाशन बिलासपुर द्वारा डॉ सीमा भट्टाचार्य वरिष्ठ कवियित्री एवं समीक्षक के काव्य संग्रह ना जाने वह है कौन का विमोचन एवं सम्मान समारोह का आयोजन चंद्रभूषण बाजपेयी पूर्व जस्टिस की उपस्थिति में किया गया। मुख्य अतिथि डॉ विनय कुमार पाठक ने कहा कि कृति में अलौकिक संस्कृति, संभ्यता का बेहतर समन्वय है।

जे.पी. वर्मा शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय बिलासपुर के सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। कृति विमोचन के बाद अपनी कृति के संदर्भ में बात रखते हुए कृतिकार डा. सीमा भट्टाचार्य ने कहा कि इस कृति को लिखने की प्रेरणा मेरे गुरुजनों ने दी। साथ ही पाठकों के अपार स्नेह ने मुझे लिखने हेतु प्रेरित किया और मैं लिखती गई। उन्होंने प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष सहयोग के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। पूर्व जस्टिस चंद्रभूषण वाजपेई ने कृतिकार के सौंदर्य पक्ष की समीक्षा करते हुए उनकी संस्कृत निष्ठ भाषा की प्रशंसा की और इस काव्य लेखन के लिए उन्हें बधाई दी। मुख्य अभ्यागत कुलपति धावे विद्यापीठ गोपालगंज डा. विनय कुमार पाठक ने कहा कि मूलतः कवियित्री की यह प्रतिनिधि संग्रह जीवन दर्शन की विवेचना करती है। जिसमें लौकिक व अलौकिक संस्कृति और संभ्यता तथा कल और आज का सुंदर समन्वय है। एक शिक्षिका के नाते इनकी सुबह सुबह और स्वर्ण स्वर शीर्षक की कविताएं इस दृष्टि से उल्लेखनीय बन गई है। अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डा. श्याम लाल निराला ने कवियित्री का स्वागत किया। वहीं उनकी कुछ कविताओं पर टिप्पणी करते हुए उन्हें संभावनाओं के साहित्यकार के रूप में उल्लेखित किया। डॉ आरती पाठक दिल्ली ने सार्थक समीक्षा करते हुए जहां ना जाने वह है कौन को महत्वपूर्ण संग्रह निरूपित किया। वहीं उनकी संस्कृत निष्ठ भाषा को उल्लेखनीय निरूपित किया। विशेष अतिथि प्रसिद्ध व्यंग्यकार डॉ ऋषभ जैन दुर्ग ने कवियित्री और उनकी कृति की विवेचना करते हुए उन्हें बधाई दी और आगे भी इसी तरह की और रचनाएं लिखने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन डा. रश्मि द्विवेदी एवं आभार प्रदर्शन डा. अरुण कुमार यदु ने किया।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर महेश श्रीवास, शांतनु, शाश्वती घोष, जयश्री नायर, बालमुकुंद श्रीवास, ममता शुक्ला, डा. सीमा श्रीवास्तव, माया शुक्ला, सांदीपन चटर्जी, शीतल पाटनवार, विष्णु तिवारी, शुभा भौमिक, संतोष शर्मा, आनंद कश्यप, डा. संगीता बनाफर, आशीष श्रीवास, शत्रुजन जैसवानी, सुरेश दिवाकर, डा. अभिनेष जैन, बीपी बंजारे सहित साहित्य प्रेमी उपस्थित थे।

मिलन मंदिर में चल रही भागवत कथा, मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

# गौ माता की रक्षा के लिए भगवान लेते हैं अवतार : रामानुजाचार्य





**बिलासपुर।** जब-जब धरती पर आसुरी शक्ति हावी हुई, परमात्मा ने धर्म की रक्षा के लिए अवतार लेकर पृथ्वी पर धर्म की स्थापना की। मथुरा में राजा कंस के अत्याचारों से व्यथित होकर धरती की करुण पुकार सुनकर नारायण ने कृष्ण रुप में देवकी के अष्टम पुत्र के रूप में जन्म लिया और धर्म और प्रजा की रक्षा कर कंस का अंत किया।

ये बातें बिलासपुर मिलन मंदिर में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत के चौथे दिन भगवान श्रीकृष्ण जन्म का प्रसंग सुनाते हुए सुप्रसिद्ध कथा वाचक श्री मज्जगदगुरू रामानुजाचार्य अयोध्या स्थित उत्तर तोताद्रि मठ पीठाधीश्वर स्वामी अनंताचार्य महाराज ने कही। बिलासपुर गौ सेवा धाम द्वारा आयोजित इस कथा में स्वामीजी ने कहा कि जीवन में भागवत कथा सुनने का सौभाग्य मिलना बड़ा दुर्लभ है। जब भी हमें यह सुअवसर मिले, इसका सदुपयोग करना चाहिए। कथा सुनते हुए उसी के अनुसार कार्य करें। कथा का सुनना तभी सार्थक होगा जब उसके बताए हुए मार्ग पर चलकर परमार्थ का काम करेंगे। उन्होंने रामकथा का संक्षिप्त में वर्णन करते हुए कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम ने धरती को राक्षसों से मुक्त करने के लिए अवतार लिया। कथा सुनने नगर सहित आसपास से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं।

**झूम कर बांटी गई कृष्ण जन्मोत्सव की खुशियां**

कथा में कृष्ण जन्म का वर्णन होने पर समूचा पंडाल खुशी से झूम उठा। मौजूद श्रद्धालु भगवान कृष्ण की जय-जयकार के साथ झूमकर कृष्ण जन्म की खुशियां मनाई।

# प्रसाद के रूप में श्रद्धालुओं को पौधे बांटेगा वर्मा परिवार



स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. श्यामानंद वर्मा तथा उनके पूर्वजों की स्मृति में वर्मा परिवार ने गोंड़पारा में भागवत कथा आयोजित किया है। इसमें परिवार के सदस्यों ने हरियाली स्वच्छता तथा पौधारोपण का संकल्प लिया। साथ ही कथा सुनने आ रहे श्रद्धालुओं को प्रसाद स्वरूप एक-एक पौधा प्रदान किया जा रहा है।

भागवत कथा के आयोजक अशोक रंजन वर्मा, प्रताप रंजन, प्रफुल्ल रंजन, संजय, प्रशांत, विकास, अभिनय वर्मा सहित परिवार के अन्य सदस्यों ने संकल्प लिया है कि भागवत कथा के दौरान 2 हजार पौधे श्रद्धालुओं के बीच वितरण किया जाएगा। 18 जुलाई को हवन, पूजन एवं भंडारा आयोजित किया गया है। अंतिम दिवस भी श्रद्धालुओं को पौधे बांटने की तैयारी की जा रही है। कथा वाचक आचार्य पंडित पंकज भूषण मिश्रा ने जीवन के आध्यात्म की व्याख्या की एवं समाज को संदेश दिया कि समाज के लिए संस्कृति और संस्कार जीवन के लिए महत्वपूर्ण है। परिश्रम जीवन का अंग है। समय का भी सदुपयोग करें तो जीवन में सफलता हमेशा मिलती है। भागवत कथा में पूजा एवं पृथ्वीराज चिंगराजपारा द्वारा पेश भजन से श्रद्धालु भाव विभोर हुए।

## कार्नर न्यूज

विचार मंच की 152 वीं गोष्ठी

# अर्थ केंद्रित शिक्षा के स्वरूप में परिवर्तन जरूरी: मुदित




भाषाविद्, पूर्व व्याख्याता मुदित मिश्रा का कहना है कि इस दौर में शिक्षा अर्थ केंद्रित हो गई है। यह व्यावसायीकरण उपयोगी नहीं है। इसके स्वरूप में परिवर्तन आवश्यक है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

विचार मंच की 152वीं गोष्ठी में संस्कृति की उपादेयता विषय पर व्याख्यान देते हुए मुदित मिश्रा ने बताया कि मनुष्य के अनुकूलन के लिए संस्कृति का विकास हुआ है जो हमारे अंतःकरण के निर्माण का परिचायक है। यह मनुष्य के द्वारा किया गया सर्वोत्तम प्रयास है और मानव के अस्तित्व की अनिवार्यता भी है। संस्कृति निरंतर विकसित होती रहती है, बहुआयामी है जो मनुष्य को संवेदित करने का कार्य करती है।यह प्रवाह की परंपरा होती है, सबको जोड़े रखती है और हमारे व्यवहार में परिलक्षित होती है।इस समय तकनीक के माध्यम से मानव संस्कृति पर हमला हो रहा है. धूर्तता, क्रूरता, मक्कारी और स्वार्थ को विकसित करके हम क्या प्राप्त कर लेंगे? जहां पर व्यापारिक और राजनैतिक स्वार्थ के कारण मानव स्वभाव को बदलने के प्रयत्न किए जाते हैं, वहां अपसंस्कृति का प्रवेश होता है, इससे बचाव जरूरी है क्योंकि यदि सांस्कृतिक मूल्यों का ह्रास होगा तो मानवीयता कमजोर होगी। इसी प्रकार से शिक्षा अर्थ केंद्रित हो गई है, इस व्यावसायीकरण से शिक्षा उपयोगी नहीं रह गई है। शिक्षा के स्वरूप में परिवर्तन आवश्यक है। मानव सभ्यता जब तक रहेगी तब तक संस्कृति की उपादेयता बनी रहेगी। राष्ट्रीय पाठशाला में आयोजित डेढ़ घंटे तक चले इस कार्यक्रम में नगर के अनेक बुद्धिजीवियों ने भाग लिया।

**किताबों का विशाल संग्रह**

मुदित मिश्रा पूर्व में डीपी विप्र कॉलेज में अंग्रेजी के व्याख्याता रहे हैं। इन दिनों वे सेवा से त्यागपत्र देकर अटल बिहारी विश्वविद्यालय में शोध कर रहे हैं। अंग्रेजी, संस्कृत और हिंदी तीनों भाषाओं में समान अधिकार रखने वाले मुदित अच्छे अध्येता हैं। उनकी लाइब्रेरी में असंख्य पुस्तकों का संग्रह है, जो जनसाधारण के लिए भी उपलब्ध है।




# जापान में तहलका मचाएगी 'सलारः पार्ट 1-सीजफायर'

**मुंबई।** फिल्म 'सलारः पार्ट 1-सीजफायर' अपनी रिलीज के बाद से पॉपुलर हो गई है। प्रशांत नील द्वारा निर्देशित इस फिल्म ने न सिर्फ ऑडियंस का दिल जीता है बल्कि यह बॉक्स ऑफिस पर कलेक्शन के मामले में भी अपना दम दिखा रही है। फिल्म ने 700 करोड़ की वर्ल्ड वाइड कमाई करके रिकॉर्ड सेट किया है, जिसके बाद अब फिल्म जापान में अपनी रिलीज के साथ जादू चलाने के लिए तैयार है। 'सलारः पार्ट 1-सीजफायर' के मेकर्स ने अपने सोशल मीडिया पर प्रभास के साथ फिल्म का एक दिलचस्प पोस्टर शेयर किया है। प्रभास को एक के बाद एक बड़ी सफलता मिल रही है।

## लाइफ Style



# पूजा

## पूरी की फिल्म 'देवा' की शूटिंग

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड अभिनेत्री पूजा हेगड़े ने अपनी आने वाली एक्शन-थ्रिलर फिल्म 'देवा' की शूटिंग पूरी कर ली है। पैन इंडिया स्टार पूजा हेगड़े, जिनका 2024 का कैलेंडर काफी रोमांचक और व्यस्त है। पूजा हेगड़ ने अपनी बहुप्रतीक्षित एक्शन-थ्रिलर 'देवा' की शूटिंग पूरी कर ली है। रॉय कपूर फिल्म्स और ज़ी स्टूडियो द्वारा निर्मित इस फिल्म में पूजा हेगड़े के साथ शाहिद कपूर भी हैं।

शूटिंग पूरी होने के बाद पूजा ने निर्देशक रोशन एंड्रयूज और निर्माता सिद्धार्थ रॉय कपूर तथा क्रू के साथ मिलकर केक काटकर इस उपलब्धि का जश्न मनाया। इससे पहले, पूजा ने फिल्म 'सूर्या 44' के लिए सुंदर अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में एक शूटिंग शेड्यूल भी पूरा किया था, जिसमें वह प्रसिद्ध अभिनेता सूर्या के साथ अभिनय कर रही हैं। 'देवा' अब पोस्ट-प्रोडक्शन में है, और फैंस इस रोमांचक एक्शन से भरपूर फिल्म में पूजा हेगड़े के नए अवतार का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। देवा और सूर्या 44 के अलावा पूजा हेगड़े नाडियाडवाला ग्रैंडसन की सनकी और कुछ अघोषित प्रोजेक्ट्स में भी नजर आएंगी।

*'देवा' अब पोस्ट-प्रोडक्शन में है, और फैंस इस रोमांचक एक्शन से भरपूर फिल्म में पूजा हेगड़े के नए अवतार का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। देवा और सूर्या 44 के अलावा पूजा हेगड़े नाडियाडवाला ग्रैंडसन की सनकी और कुछ अघोषित प्रोजेक्ट्स में भी नजर आएंगी।*

## हॉलीवुड मसाला



# 'डेस्पिकेबल मी' ने कमाए 500 करोड़ डॉलर

**लॉस एंजिलिस।** इल्यूमिनेशन, यूनिवर्सल की 'डेस्पिकेबल मी 4' वैश्विक स्तर पर धमाल मचा रही है। फिल्म कमाई के मामले में भी अपना जलवा कायम किए हुए है। डेस्पिकेबल मी/मिनियंस फ्रेंचाइजी दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर पांच बिलियन डॉलर यानी 500 करोड़ डॉलर की कमाई कर चुकी है। यह मील का पत्थर हासिल करने वाली यह पहली एनिमेटेड फ्रेंचाइजी है। यह पहले से ही दुनियाभर में अब तक की सबसे बड़ी एनिमेटेड फ्रेंचाइजी थी। इस सप्ताहांत डेस्पिकेबल मी 4 लगातार दूसरे फ्रेम में वैश्विक स्तर पर नंबर वन फिल्म बनने की उम्मीद है, जिससे रविवार तक दुनिया भर में अनुमानित 136 मिलियन डॉलर की कमाई होगी।



# 'कैप्टन अमेरिका 4' का टीजर जारी...

**लॉस एंजिलिस।** मार्वल स्टूडियोज ने बहुप्रतीक्षित 'कैप्टन अमेरिका 4' का टीजर जारी कर दिया है। इसका आधिकारिक शीर्षक 'कैप्टन अमेरिकाः ब्रेव न्यू वर्ल्ड' है। टीजर 'कैप्टन अमेरिका' गाथा के नए अध्याय की एक रोमांचक झलक पेश करता है, जिसमें एंथनी मैकी द्वारा अभिनीत सैम विल्सन को प्रतिष्ठित ढाल पहने हुए और कैप्टन अमेरिका की भूमिका निभाते हुए दिखाया गया है। इसके साथ ही निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज की तारीख से भी पर्दा उठा दिया है। टीजर एक दिलचस्प कहानी की ओर इशारा करता है, जहां नए कैप्टन अमेरिका सैम विल्सन, 'थडियस थंडरबोल्ट' रॉस के साथ मिलकर काम करते हैं, जिसका किरदार हैरिसन फोर्ड ने निभाया है। यह साझेदारी विशेष रूप से दिलचस्प है।



# तृप्ति धनुष के साथ करेंगी रोमांस...

**मुंबई।** अभिनेत्री तृप्ति डिमरी के पास फिल्मों की लाइन लगी हैं। तृप्ति हर निर्माता-निर्देशक की पहली पसंद बनी हुई हैं। अब खबर है उन्हें धनुष संग काम करने का मौका मिल गया है। आनंद राय की अगली फिल्म में दोनों साथ दिखने वाले हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, आनंद ने अपनी अगली फिल्म 'तेरे इश्क में' के लिए तृप्ति को कास्ट कर लिया है। धनुष फिल्म में एक एंग्री यंगमैन की भूमिका में होंगे। ऐसे में उनके साथ लीड हीरोइन के लिए आनंद की पहली पसंद तृप्ति हैं। निर्देशक ने उनकी पिछली फिल्में देखी हैं, वहीं तृप्ति की लोकप्रियता भी चरम पर है। ऐसे में वह अपनी फिल्म में उन्हें धनुष की जोड़ीदार बनाकर उनकी सफलता को भुनाने के पूरे मूड में हैं। अक्टूबर, 2024 से धनुष अपनी चौथी हिंदी फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे। फिल्म की शूटिंग मुख्य रूप से वाराणसी में होगी।



# 'हाउसफुल-5' से जुड़े संजय दत्त

**मुंबई।** संजय दत्त का नाम बॉलीवुड के उन अभिनेताओं में शुमार हैं, जिनकी दीवानगी प्रशंसकों के सिर चढ़कर बोलती है। बता दें कि 'हाउसफुल' फ्रैंचाइजी के 5वें भाग 'हाउसफुल 5' से जुड़ गए हैं। फिल्म के निर्माता साजिद नाडियाडवाला ने संजू के साथ अपनी एक तस्वीर साझा कर लिखा, 'हम यह घोषणा करते हुए बेहद उत्साहित हैं कि संजय 'हाउसफुल' के परिवार में शामिल हो गए हैं। पागलपन से भरी एक रोमांचक यात्रा के लिए तैयार हो जाएं।' कोई शक नहीं कि संजय अपनी शानदार कॉमेडी से फिल्म को एक अलग ही स्तर पर ले जाएंगे। संजय का नाम फिल्म से जुड़ते ही 'हाउसफुल 5' को लेकर लोगों का उत्साह दोगुना हो गया है। सोशल मीडिया पर इसकी झलक साफ दिख रही है। 'हाउसफुल' और 'हाउसफुल 2' का निर्देशन साजिद खान ने किया था।

## टीवी मसाला

# आशिफ ने निभाए 300 कैरेक्टर गिनीज बुक में दर्ज है नाम...

**मुंबई।** ऐसा कहा जाता है कि इंसान की लाइफ में एक बार ऐसा मौका आता है जरूर आता है जब उन्हें वो सबकुछ मिलता है जिसकी उन्हें चाहत होती है। कुछ ऐसा ही आशिफ शेख के साथ हुआ उन्होंने सोचा था फिल्मों में काम करके फेमस हो जाएं, उन्हें प्रसिद्धि मिली लेकिन फिल्मों नहीं टीवी सीरियल से जिसका नाम है 'भाबी जी घर पर हैं। आशिफ शेख ने इस सीरियल में लगभग 300 किरदार निभाए हैं और इसके लिए उनका नाम गिनीज वर्ल्ड बुक में दर्ज है। हिंदी टेलीविजन के आशिफ शेख इकलौते ऐसे एक्टर हैं जिन्होंने एक सीरियल में अलग-अलग इतने सारे किरदार निभाए। 2 मार्च 2015 को 'भाभी जी घर पर हैं' का पहला एपिसोड आया था। शो में दिखाया गया है कि दो पड़ोसी एक-दूसरे की वाइफ को पसंद करते हैं और हेल्दी फ्लर्ट भी करते हैं। इस शो में दोनों भाबियों का किरदार अलग-अलग एक्ट्रेसेस ने निभाया लेकिन आशिफ शेख और रोहिताश्व गौर लगभग 9 सालों से टिके हुए हैं। आशिफ शेख इस शो के मेन कलाकार हैं जिन्हें दर्शक देखना पसंद करते हैं। साल 2015 से लेकर 2021 तक आशिफ शेख ने स्क्रिप्ट की डिमांड के अनुसार, इस सीरियल में 300 से ज्यादा किरदार बदले हैं। इसके लिए उन्हें सम्मानित भी किया गया।



# मटका से तेलुगु सिनेमा में करेंगी कमबैक

**मुंबई।** जानीमानी अभिनेत्री नोरा फतेही आठ साल बाद फिल्म मटका से तेलुगु सिनेमा में कमबैक कर रही हैं। करुणा कुमार द्वारा निर्देशित बहुप्रतीक्षित अखिल भारतीय फिल्म 'मटका' में नोरा फतेही वरुण तेज के साथ मुख्य भूमिका में हैं। टेम्पर, बाहुबली दि बिगिनिंग, किक 2 और ऊपीरी जैसी हिट फिल्मों में अपने शानदार डांस परफॉर्मेंस के लिए जानी जाने वाली नोरा अब एक अभिनेत्री के रूप में एक नई चुनौती ले रही हैं। निर्देशक करूणा कुमार ने कहा कि मैं नोरा को तेलुगु दर्शकों के सामने एक अभिनेत्री के रूप में पेश करने के लिए बहुत उत्साहित हूं, वह दूसरी महिला प्रधान भूमिका निभा रही हैं और विजाग की लड़की के रूप में दिखाई देंगी। खुद को किरदार में बेहतर ढंग से ढालने के लिए, उन्होंने तेलुगु सीखने के लिए कक्षाएं लीं और खुद ही संवादों को डब करने का फैसला किया। मैं उनके समर्पण से दंग हूं, उनकी तेलुगु बहुत अच्छी है। जब हमने एक विशेष डिस्को गीत और एक महत्वपूर्ण दृश्य की शूटिंग पूरी कर ली, तो वह मेरे पास आई और बोलीं यह मेरे करियर का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।



# शिमला की पृष्ठभूमि पर बनी है 'अमर कालोनी'

**मुंबई।** हिमाचल प्रदेश के शिमला के रहने वाले फिल्म निर्देशक सिद्धार्थ चौहान की 'अमर कॉलोनी' शिमला की पृष्ठभूमि की थीम पर बनी फिल्म है। 'अमर कालोनी' के निर्देशक सिद्धार्थ चौहान बताते हैं कि छह साल पहले, मैं एक ऐसी जगह की तलाश में था, जहां मैं अपनी लघु फिल्म के लिए एक सेट बना सकूं। तभी मुझे शिमला में ब्रिटिश काल की एक शानदार विरासत वाली इमारत का एक निर्जन ताला लगा हुआ हिस्सा मिला। यह कभी 1905-06 में दिल्ली और लंदन बैंक का हिस्सा हुआ करता था। सीढ़ियां, ऊंचे गलियारे, बड़ी खिड़कियां, पुरानी लकड़ी के प्रयोग सहित निर्माण की हर शैली ने मुझे आकर्षित किया। चाहे फिल्म में दुर्गा का किरदार निभाने वाली ऊषा हों या उनके पति की भूमिका निभाने वाले दीपक। ईशान आजाद को समझाना थोड़ा चुनौतीपूर्ण था, लेकिन उनकी भूमिका भी काफी चुनौतीपूर्ण थी। सिद्धार्थ ने कहा कि फिल्म के कुल कलाकारों में से 75 फीसदी किरदारों का संबंध शिमला से ही था।



# मुंबई में सेलिब्रेट किया भाई का बर्थडे



*मुंबई। प्रियंका चोपड़ा बीते दिन अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी अटेंड करने के लिए पति निक जोनस के साथ भारत आई थीं। बीते दिन प्रियंका चोपड़ा ने अपने पति के साथ मिलकर भाई सिद्धार्थ चोपड़ा का बर्थडे सेलिब्रेट किया है। एक्ट्रेस के भाई ने एक प्राइवेट बर्थडे पार्टी ऑर्गेनाइज की थी। इस पार्टी में उनके भाई-बहन और दोस्त खूब धूम मचाते दिखे। प्रियंका के साथ निक जोनस और मनारा चोपड़ा भी नजर आए हैं। बता दें कि सिद्धार्थ चोपड़ा 35 साल के हो गए हैं। उनकी बहन व जीजा सिद्धार्थ के बर्थडे में शामिल हुए थे। वायरल हो रही फोटोज में सिद्धार्थ की मंगेतर नीलम उपाध्याय भी नजर आ रहीं हैं। इस दौरान सिद्धार्थ ब्लैक कलर के कपड़ों में नजर आए, वहीं मन्नारा और नीलम दोनों ने ब्लैक ड्रेस कैरी की थी। प्रियंका चोपड़ा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ फोटोज शेयर की हैं। इन फोटोज में गेट टुगेदर में सभी नजर आ रहे हैं। प्रियंका चोपड़ा एक फोटो में ब्लू कलर की ड्रेस में नजर आ रही हैं। जिसे उनके फैशन डिजाइनर राहुल मिश्रा के द्वारा डिजाइन किया गया है।*

## 'सरफिरा' में अक्षय के साथ-साथ परेश की भी हो रही है खूब तारीफ

# अक्षय व सोनाक्षी की फिल्मों ने सिनेमाघरों में दी दस्तक

***मुंबई।*** *अगर आप भी हर हफ्ते किसी नई फिल्म या वेब सीरीज का इंतजार करते हैं तो जुलाई का यह हफ्ता भी आपके लिए बेहद खास होने वाला है, क्योंकि इस हफ्ते जहां सिनेमाघरों में फिल्मों की धूम होगी, वहीं ओटीटी पर भी नए कंटेंट की भरमार होगी। आप अपना पसंदीदा मसाला चुन सकते हैं। आपके लिए सस्पेंस से लेकर कॉमेडी तक का तड़का लगा है। आइए जानते हैं इस हफ्ते कौन-कौन सी फिल्में और सीरीज रिलीज हो रही हैं।*

### अक्षय कुमार की 'सरफिरा'



अक्षय कुमार की फिल्म 'सरफिरा' काफी समय से सुखियों में है। इस फिल्म में उनके साथ पहली बार राधिका मदान नजर आ रही हैं। निर्देशक सुधा कोंगरा इससे पहले गोपीनाथ पर साल 2020 में तमिल फिल्म 'सोरारई पोट्रू' बना चुकी हैं, जिसमे सुपरस्टार सूर्या थे। इस फिल्म के हिंदी रीमेक के निर्देशन की जिम्मेदारी भी सुधा पर थी। फिल्म में अक्षय के साथ-साथ परेश रावल की भी खूब तारीफ हो रही है। फिल्म 12 जुलाई को सिनेमाघरों में आई है।

### कमल हासन की 'हिन्दुस्तानी 2'



सुपरस्टार कमल हासन 'कल्कि 2898 एडी' के बाद बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। वह साल 1996 में आई अपनी सुपरहिट फिल्म 'हिंदुस्तानी' का सीक्वल को लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म में कमल के साथ अभिनेता सिद्धार्थ और अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह के अलावा कई कलाकार अहम किरदारों में नजर आ रहे हैं। शंकर के निर्देशन में बनी यह फिल्म 12 जुलाई को तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलायलम और हिंदी में रिलीज हुई है।

### सोनाक्षी-साकिब की 'काकूदा'

सोनाक्षी सिन्हा, साकिब सलीम और रितेश देशमुख की फिल्म 'काकूदा' ओटीटी पर दस्तक दे चुकी है। यह एक हॉरर कॉमेडी है। इसकी कहानी उत्तर प्रदेश के मथुरा के रतौड़ी गांव की है। वैसे तो यह एक आम गांव हैं, लेकिन इस पर कई साल से एक श्राप लगा हुआ है। हर घर में 2 दरवाजे हैं, जो एक जैसे दिखते हैं और इसी में तगड़ा रहस्य छुपा है। जी 5 पर 12 जुलाई को यह फिल्म रिलीज हुई है।




### कॉमेडी का तड़का 'वाइल्ड वाइल्ड पंजाब'



अगर आप कॉमेडी के शौकीन हैं तो इस हफ्ते एक मजेदार फिल्म देख सकते हैं, जिसका नाम है 'वाइल्ड वाइल्ड पंजाब'। इसे देख आप हंसते-हंसते लोटपोट हो जाएंगे। फिल्म का ट्रेलर भी काफी मजेदार था। इस फिल्म में मनजोत सिंह, वरुण शर्मा, सनी सिंह और जस्सी गिल नजर आ रहे हैं, जिनकी केमिस्ट्री और डायलॉग दर्शकों को गुदगुदाने के लिए काफी हैं। 'वाइल्ड वाइल्ड पंजाब' नेटफ्लिक्स पर 10 जुलाई को रिलीज हो चुकी है।

### इन वेब सीरीज का उठाएं लुत्फ

इस हफ्ते आप गुरमीत चौधरी की सीरीज 'कमांडर करण सक्सेना' देख सकते हैं। यह 8 जुलाई को डिज्नी+हॉटस्टार पर रिलीज हो चुकी है। उधर 12 जुलाई को रितेश देशमुख की वेब सीरीज 'पिल' जियो सिनेमा तो इमरान हाशमी की 'शोटाइम 2' डिज्नी+हॉटस्टार पर आई है।

## खबर संक्षेप

### गुप्त नवरात्र पर माता की विशेष आराधना



**मल्हार।** मां डिडनेश्वरी देवी मंदिर में गुप्त नवरात्र पर माता का विशेष आराधना व पूजा हुई। आषाढ़ शुक्ल पक्ष प्रतिपदा शनिवार से प्रारम्भ हुए गुप्त नवरात्र के अष्टमी रविवार को दुर्गासप्तसती पाठ के साथ हवन, कन्या ब्राम्हण भोज व अन्य अनुष्ठान संपन्न हुए। नवमी तिथि सोमवार को क्षमा प्रार्थना, देव विदाई, आशीर्वाद के साथ गुप्त नवरात्र सम्पन्न होगा। पथरिया के प. देवनारायण पांडेय के आचार्यत्व में सभी पूजन कार्यक्रम हुए। अष्टमी तिथि में हुए हवन पूजन कार्यक्रम में बिलासपुर तहसीलदार अतुल वैष्णव, कोटा बेलगहना के नायब तहसीलदार ओमप्रकाश चन्द्रवंशी, डॉ अर्चना वैष्णव, आकाश पांडेय, बिक्कू पांडेय, रामहरि कैवर्त, जतन कैवर्त, चन्दू कैवर्त, अमर कैवर्त, रामकुमार चौबे शामिल हुए।

### नीलेश होंगे सीपत थाना के नए टीआई

**सीपत।** बिलासपुर पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने शनिवार को



प्रशासनिक दृष्टिकोण से अस्थाई तौर पर आगामी आदेश पर्यंत तक निरीक्षक व उपनिरिक्षकों का तबादला लिस्ट जारी किया है। जिसमें सीपत में पदस्थ टीआई कृष्ण चंद्र सिदार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय शिकायत शाखा में व उनके स्थान पर रक्षित केंद्र से नीलेश पांडेय को सीपत थाने की जिम्मेदारी दी है। अब नीलेश पांडेय सीपत थाने का चार्ज संभालेंगे।

### रेलवे स्टेशन, स्वास्थ्य केंद्र में भोजन वितरित



**करगी रोड कोटा।** सामाजिक संस्था सेवा भारती द्वारा आयोजित भोजन प्रसाद वितरण कोटा रेलवे स्टेशन, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोटा गनियारी के कार्यक्रम में वेंकट लाल अग्रवाल जिला संयोजक सांस्कृतिक प्रकोष्ठ जिला बिलासपुर के उपस्थित में गरीबों को भोजन वितरण किया। इस दौरान समिति के दुर्गेश साहू, राजकुमार साहू, कमलजीत अजमानी, प्रियंक सक्सेना, सूरज, अनिल साहू उपस्थित थे।

### प्राथमिक शाला में प्रवेशोत्सव

**मस्तूरी।** धनगंवा के शिवसागर मोहल्ला में संचालित प्राथमिक शाला में शाला प्रवेशोत्सव आयोजित किया गया। इस अवसर पर नव प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर मुंह मीठा कराया गया तत्पश्चात सभी बच्चों को पुस्तक व गणेश वितरण कर शाला प्रवेशोत्सव कराया गया। कार्यक्रम के पूर्व में शासकीय प्राथमिक शाला डंगनिया के प्रधान पाठक विकास कुमार निर्णेजक ने संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे शिक्षित होंगे तभी देश व समाज का विकास होगा। इस अवसर पर शाला डंगनिया के प्रधान पाठक कास र्णेजक, पकरिया स्कूल के प्रधान पाठक अमित यादव, विकास समिति उपाध्यक्ष निलेश टंडन, सत्येंद्र टंडन, माशंकर टंडन, विजय, मल टंडन, स्टाफ, ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सहायक शिक्षक लीलाधर पाठक, आभार प्रधान पाठक सुरेंद्र डहरिया ने किया।

### पर्यावरण संरक्षण संवर्धन करना कर्तव्य

**सीपत।** शासकीय मदनलाल महाविद्यालय में एक पेड़ मां के नाम आभियान का शुरुआत किया गया। नवनिर्मित रूषा भवन में रासेयो द्वारा आभियान का आगाज किया गया। प्राचार्य डॉ राजीव शंकर खेर ने कहा कि आगामी पीढ़ी के लिए पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन करना हम सबका पहला कर्तव्य होना चाहिए। सभी स्वयंसेवक अपने घर के आसपास अधिक से अधिक संख्या में पेड़ लगाकर आभियान को सफल बनाने में अपना अपना योगदान दें।

## निधन

### आनंद राम तोलानी

**बिलासपुर।** घनश्याम होम्स व्यापार विहार निवासी आनंद राम



तोलानी का 69 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार भारतीय नगर स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. पोहुमल तोलानी के पुत्र एवं मुकेश तोलानी के पिता, रमेश, रामचंद, राजकुमार तोलानी के भाई थे।

## बेहतर इलाज करने डॉक्टरों को निर्देश

# डायरिया पीड़ित मरीजों को देखने अस्पताल पहुंचे डिप्टी सीएम साव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

उप मुख्यमंत्री और प्रभारी मंत्री अरुण साव ने आज रतनपुर सामुदायिक अस्पताल का निरीक्षण किया । उन्होंने डायरिया पीड़ित मरीजों से मुलाकात कर उनके कुशलक्षेम पूछा। इलाज व्यवस्था की भी जानकारी ली।

फिलहाल 31 मरीज डायरिया के इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती हैं। चौबीसों घंटे उनकी इलाज और निगरानी की जा रही है। उन्होंने एक-एक मरीज का अच्छे से इलाज करने के निर्देश डॉक्टरों को दिए। श्री साव ने डॉक्टर और प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक भी ली और इलाज में कोई कोर कसर नहीं रखने को कहा। एसडीएम डायरिया नियंत्रण के लिए की गई प्रशासनिक व्यवस्था से उप मुख्यमंत्री को अवगत कराया। श्री साव ने कहा कि प्रशासन पूरी तरह से सजग है। घर-घर जाकर मरीजों की पहचान की जा रही है। जरा भी लक्षण दिख रहे हैं उन्हें अस्पताल में भर्ती कराकर इलाज किया जा रहा है। उम्मीद है बहुत जल्दी सब ठीक हो जाएगा। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष घनश्याम रात्रे, एसडीम युगल किशोर उर्वसा, बीएमओ मिथिलेश गुप्ता, तहसीलदार पंकज सिंह, अस्पताल प्रभारी डॉ. विजय चंदेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे।



मरीज से मुलाकात करते अरुण साव।

### नहीं थम रहा डायरिया रतनपुर बना हाटस्पाट

डायरिया नियंत्रण को लेकर किए गए प्रयासों में स्वास्थ्य विभाग को सफलता नहीं मिल रही है, इसका कारण पानी की सप्लाई में हो रही लापरवाही है। पीएचई विभाग द्वारा पुरानी पाइप लाइन को बदलने में लेटलतीफी की जा रही है, जिसके कारण मामला सुधरने के बजाए लगातार केस आ रहे हैं। डायरिया के प्रकोप को लेकर रतनपुर-मदनपुर हाट स्पॉट बना हुआ है, रविवार को एक बार फिर 21 मरीजों के मिलने के बाद छुट्टी का दिन होने के बाद भी सीएमएचओ और नोडल अधिकारियों को क्षेत्र का दौरा करने की नौबत आई। इस दौरान यहां उल्टी और दस्त के गंभीर मरीज मिलने का सिलसिला जारी है। वहीं कोरा में 3 बेलतरा में 6 और मस्तूरी के कुकदुकला 2 मरीजों को स्वास्थ्य विभाग ने जांच के बाद दवा दी है। बताया जा रहा है कि कुकदुकला के गंभीर मरीजों को सिम्स में भर्ती भी करा दिया गया है। वहीं सीएमएचओ ने स्वास्थ्य केन्द्र बिल्हा, बेलतरा, मदनपुर का निरीक्षण किया। विभाग के अधिकारी लगातार क्षेत्र में कैंप के माध्यम से पानी पीने के तरीकों में बदलाव करते हुए व्यवस्थित जीवन शैली अपनाने की समझाईश दे रहे है लेकिन इसका असर लोगों पर नहीं हो रहा है।

# लोगों को मिले मूलभूत सुविधाः धर्मजीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सकरी

- पाली में जन चौपाल लगाकर लोगों की समस्याओं का किया निराकरण

जनता को पानी, बिजली, सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारा कर्तव्य है। जिसे निभाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। आपने अपने क्षेत्र के प्रतिनिधित्व का मौका मुझे दिया है आपके उम्मीदों पर हमेशा खरा उतरने का प्रयास करूंगा और ये भी सुनिश्चित करूंगा के समाज के अंतिम तबके के लोगो को भी सरकार की समृद्धिशाली योजनाओं का लाभ दिला सके।

उपरोक्त उदगार ग्राम पाली में क्षेत्रीय विधायक धर्मजीत सिंह ने जनचौपाल में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा। पूर्व जिला पंचायत सदस्य संतोष कौशिक ने कहा कि हमारे विधायक क्षेत्र के मान, सम्मान और विकास के लिए कृत संकल्पित है। वो ऐसे जनप्रतिनिधि है अपनी विशिष्ट कार्यशैली को लेकर जाने जाते है विकास ही उनका ध्येय है और इसका स्वरूप अब हमें क्षेत्र में नजर भी आने लगा है। कार्यक्रम को जिला सहकारी बैंक के पूर्व उपाध्यक्ष राजेश तंबोली, अशोक सिंह ठाकुर वरिष्ठ अधिवक्ता, मंडल अध्यक्ष बी आर महोबिया, पूर्व जनपद सदस्य गण भोलानाथ तिवारी, राकेश तिवारी, ललित यादव, सरपंच चंद्रिका सोखी मरावी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि सूरज मिश्रा, भाजयुमो निलेश सिंह, राजकमल साहू, राजेश देवांगन, अमर गुप्ता, सतीश सोनकर, जितेन्द्र सूर्यवंशी, प्रशांत गुप्ता, अक्षय चौहान, उपसरपंच पुष्पेंद्र कौशिक, पूर्व सरपंच अनिल कौशिक, पंच लाला कौशिक, अशोक दास, लक्ष्मी यादव, कोमल कौशिक, रामप्रसाद श्रीवास, उमेद कौशिक, शिवशंकर कौशिक, सालिक कौशिक, बलराम कौशिक, वेद प्रसाद कौशिक, बैसाखु राम कौशिक, रामरतन शर्मा, मालिकरम श्रीवास, सुखराम गोड, तीजाराम कौशिक, राहुल कौशिक सहित ग्रामीणजन एवं महिला सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



जनचौंपाल में लगी लोगों की भीड़।

### विधायक ने जन चौपाल में ग्रामीणों को दी सौगात

विधायक ने चौपाल में 17 लाख 30 हजार के कार्यों की घोषणा की। जिसमें सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 7 लाख, शेड निर्माण हेतु 5 लाख, सड़क निर्माण के लिए 5 लाख एवं प्राथमिक शाला भवन में टेबल, कुर्सी और आलमारी के लिए 30 हजार देने की घोषणा की।

## कई चुनाव बीत चुके 500 मीटर सड़क के डामरीकरण की मांग नहीं हुई पूरी

**कोरबा।** पाली विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत माखनपुर के ग्रामीणों की मांग कई विधानसभा और लोकसभा चुनाव बीतने के बाद भी पूरी नहीं हुई। इस बात को लेकर उनमें आक्रोश भी है और मांग भी महज 500 मीटर डब्ल्यूबीएम सड़क के डामरीकरण का है जिसको लेकर लंबे समय से ग्रामीण संघर्ष कर रहे हैं और हर बार उनके हिस्से में केवल आश्वासन ही आता है। ग्राम पंचायत माखनपुर के ग्रामीणों की मानें तो चुनाव के समय ही प्रत्याशी आकर लंबे-लंबे वादे का ग्रामीणों से मतदान अपने-अपने पक्ष में करा लिए जाते हैं, लेकिन उक्त ग्राम पंचायत के विकास वहीं की वहीं रह जाता है।

## कृषि मंत्री राम विचार ने 18 करोड़ के विकास कार्यों का किया भूमि पूजन, वलोकार्पण



**बोदरी।** बिल्हा मंडी प्रांगण में आदिवासी समाज द्वारा रानी दुर्गावती जी के बलिदान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में कृषि मंत्री राम विचार नेताम, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरम लाल कौशिक, भूपेन्द्र सवन्नी प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा सम्मिलित हुए।

कार्यक्रम में मंत्री 18 करोड़ के विकास कार्यो का भूमि पूजन व लोकार्पण किया गया। उद्यानिकी महाविद्यालय, अनुसंधान केंद्र हथनी में भवन निर्माण का भूमिपूजन किया गया। उप मंडी प्रांगण बिल्हा में कव्हड शेड निर्माण 78 लाख, उप मंडी प्रांगण विश्राम गृह निर्माण 80 लाख का भूमि पूजन किया गया साथ ही बिल्हा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न हरदीकला, हिरी, हरदी, मुरकुटा बिटकुली पासीद दगौरी कडार मोहतरा सेवा सहकारी संस्थाओं में निर्मित किसान कुटीर का लोकार्पण किया गया।

इस दौरान महेश ध्रुव जिला अध्यक्ष आदिवासी गोंड समाज, शिव नारायण चेचाम, वीरेंद्र मरावी, डॉ जे आर जगत, कमल मरावी, जनपद अध्यक्ष राधिका जितेंद्र जोगी, मनोज वर्मा, अशोक पाटले, राजेन्द्र डहरिया, जितेन जोगी उपस्थित थे।

# पंचायत ने विकास कार्यों पर लाखों खर्च किए पर तस्वीर नहीं बदली

**पथरिया ।** विकास कार्यों के लिए शासन द्वारा ग्राम पंचायतों को लाखों रुपए की स्वीकृति दी जाती है जिससे ग्राम पंचायत के लोगों को सभी मूलभूत सुविधा मिला सके। लेकिन उस राशि का दुरुपयोग हो रहा है।

- मूलभूत सुविधा के लिए आज भी तरस रहे ग्रामवासी

मामला जनपद पंचायत पथरिया के ग्राम पढ़ियाईन का है जहां ग्रामीण मूलभूत सुविधा नहीं मिलने के कारण सरपंच सचिव पर आरोप लगा रहे है। मुरुम पटाई के नाम से लाखों खर्च ग्रामवासियों ने बताया कि कुछ माह पहले वार्ड 9 सतनाम भवन के पास समतलीकरण करने के नाम से पंचायत द्वारा मुरुम डाला गया जिसमे पंचायत द्वारा 2 लाख रूपये आहरण किया गया। वहीं ग्राम के पंच प्रतिनिधि ने कहा की मुरुम समतलीकरण के समय 100 ट्रिप का टोकन दिया गया था एवं कुछ मुरुम ट्राली गांव के इधर उधर डाली गई थी। जहां कुल 120 ट्रिप मुरुम पंचायत द्वारा डाला गया। इसी तरह प्राथमिक शाला में समतलीकारण के नाम से 1.50 लाख रूपए निकाल लिया गया है। वहीं स्कूल में लगभग 50 ट्रिप ट्रैक्टर मुरुम डाला गया है। जनपद के इंजीनियर भी आंख मूंदकर सत्यापन कर रहे है। इनकी भूमिका पर भी सवाल उठ रहे है।



### शासकीय जालीतार का निजी उपयोग

ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत की नर्सरी में पौधों की सुरक्षा के लिए लगाए गए जाली तार का खेत में निजी कार्य में उपयोग किया जा रहा है। और नर्सरी के पौधे को जानवर खा रहे हैं।

### लिखित शिकायत करे

ग्रामीण मेरे पास आकर लिखित शिकायत करे तब मैं मामले का निराकरण करूंगा।

-**ईश्वर पाठक**, सचिव ग्राम पंचायत पढ़ियाईन

### 100 ट्रिप मुरुम डाला

सतनाम भवन के पास 100 ट्रिप मुरुम डाला गया है। साथ ही नर्सरी में लगे तार का उपयोग नहीं होने के कारण निजी उपयोग में किया जा रहा है।

-**रामेश्वर ध्रुव**, सरपंच प्रतिनिधि

### शिकायत नहीं

इस प्रकरण में शिकायत नहीं हुई है। शिकायत होने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

**प्रदीप प्रधान**, सीईओ जनपद पंचायत पथरिया

## पूर्व विधायक सौरभ लोकसभा व विधानसभा चुनाव की समीक्षा बैठक में हुए शामिल



**करगी रोड कोटा।** भाजपा बिलासपुर लोकसभा, कोटा विधानसभा चुनाव की समीक्षा बैठक में पूर्व विधायक सौरभ सिंह शामिल हुए। बैठक में कार्यकर्ताओं को बताया कि आने वाले पंचायत, निगम, पालिका व जनपद चुनाव में कैसे जीतेंगे। कार्यकर्ताओं से सुझाव लेकर सभी मंडल अध्यक्षों ने वरिष्ठ नेताओं ने अपने-अपने सुझाव रखे।

मुख्य अतिथि ने चुनाव की रणनीति किस प्रकार होनी चाहिए, चुनाव को जीतने का गुरु मंत्र बताए। कार्यक्रम में उपस्थित रामदेव कुमावत जिला अध्यक्ष भाजपा बिलासपुर, वेंकटलाल अग्रवाल जिला संयोजक सांस्कृतिक प्रकोष्ठ, लव कुश कश्यप प्रदेश सदस्य, रामलाल साहू किसान मोर्चा प्रदेश सदस्य, मोहित जायसवाल जिला महामंत्री, राकेश चतुर्वेदी, डॉ सुनील जायसवाल, नर्वदेश्वर पांडे, घनश्याम दीक्षित, महाराज सिंह नायक, दिनेश यादव, राजेश कश्यप, दयाशंकर तिवारी, सुलेश पांडे, रोहिणी, प्रदीप कौशिक, बाबा गोस्वामी, दुर्गेश साहू, नट्टू अग्रवाल, राजू राठौड़, विकास सिंह, बैकुंठ नाथ जायसवाल, गणेश राम साहू, ज्वाला कौशिक, राहुल सिंह, राजू साहू, लखन पार्षद, ओम प्रकाश यादव, तुलसीराम खुसरो आदि उपस्थित थे।

## प्राथमिक शाला केंवट पारा का होगा कायाकल्प

**मल्हार।** शासकीय प्राथमिक शाला केंवटपारा के कायाकल्प करने के लिए पीएमश्री योजना मद से 16 लाख 51 हजार की स्वीकृति दी गई है। जिसमें 8.07 लाख से एक अतिरिक्त कक्ष का निर्माण होगा। इस शाला भवन का आवश्यक मरम्मत कार्य 5.01 लाख से होगा। साथ ही 90-90 हजार की लागत से बालक व कन्या शौचालय का मरम्मत कार्य होगा। शाला के पुराने भवन के मरम्मत के लिए 90 हजार की स्वीकृत हुई है और स्कूल में 73 हजार से रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का निर्माण कार्य किया जाएगा। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला केंवटपारा में एक अतिरिक्त कक्ष निर्माण की स्वीकृति 8.07 लाख की हुई है।




## केन्द्रीय गोंड महासभा से ही समाज विकास संभवः वीरेंद्र

**सरगांव।** केन्द्रीय गोंड महासभा का जिला स्तरीय महासभा का आयोजन मोहभठ्ठा स्थित बड़ादेव ठाना में आयोजन जिला अध्यक्ष वीरेन्द्र मरावी की अध्यक्षता में किया गया। बैठक के पूर्व बड़ादेव ठाना परिसर में एक पेड़ मां के नाम तहत पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में कन्हैया छेदईहा, मोहन छेदईहा, बहोरिक मरावी, भरत लाल पोर्ते, राधेश्याम मरावी, प्रदीप छेदईहा, सुकलाल मरकाम, रीखीराम मरकाम, धर्मेंद्र मरकाम, लेखराम नेताम, सोनूराम उइके, देवसिंह मरकाम, हीरा मरावी, चतुर उइके, चंद्रकुमार नेताम, विजय मार्को, मनोज उइके, बीरेंद्र मरावी, कौशल कुंजाम, रामुलाल श्याम, जीवनलाल मरावी, शैलेंद्र ध्रुव, नाथुराम ध्रुव, कृष्ण कुमार ध्रुव, लक्ष्मी ध्रुव, राजा छेदैहा, मोतीराम सहित समुदाय के लोग उपस्थित थे।

## महामाया मंदिर तखतपुर में हवन व कन्या पूजन किया गया

**तखतपुर।** अष्टमीं पर मां महामाया मंदिर तखतपुर में हवन एंव कन्या पूजन किया गया। प्रातः महामाया मंदिर में माता का श्रृंगार कर अठवाही का भोग लगाया गया और तत्पश्चात हवन किया गया। इसके बाद कन्या पूजन कर उन्हें उपहार दी गई। आषाढ़ के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से नवमीं तिथि तक गुप्त नवरात्रि का पर्व मनाया जाता है। इसी कड़ी में मां महामाया मंदिर में प्रतिपदा तिथि को अभिजित मुहूर्त में ज्योति कलश प्रज्जवलित किया गया। और उसके साथ प्रतिदिन रात्रि में माता का श्रृंगार होता रहा तथा अष्टमीं हवन पूजन के साथ नवमीं को विसर्जन होगा। पूरे वर्ष में चार नवरात्रि का पर्व होता है। जिसमें दो चैत्र और कुंवार प्रकट तो आषाढ़ और माघ महिने में गुप्त नवरात्रि होता है इन चारों पर्व पर महामाया मंदिर में ज्योति कलश प्रज्जवलित किया जाता है।



हवन पूजन करते हुए।

## दीपका खदान के पार्किंग से कर्मी के बाइक की चोरी

**कोरबा।** दीपका खदान के पार्किंग से कोयलाकर्मी की बाइक अज्ञात नकाबपोश ने पार कर दी। बताया जा रहा है कि दीपका खदान में सावेल ऑपरेटर दूजेराम की बाइक क्रमांक सीजी 12 एन 3611 को अज्ञात युवक ने चोरी कर ली है। ड्यूटी समाप्त कर जब दूजेराम पार्किंग स्थल पर पहुंचा तब गाड़ी वहां नही थी।

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर जिला-बिलासपुर**

**मामले की श्रेणी : राजस्व**

संदर्भ :जिला- बिलासपुर तहसील-बिलासपुर प.ह.न.-00025 खमतराई ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-RD2023 244001063 00174

**ईश्तहार**

तहसील बिलासपुर के प.ह.न. 00025 के अंतर्गत ग्राम खमतराई के वर्तमान भूमिस्वामी प्रमिला साहू पिता/पति-सेवकराम पता-जोरापारा, सरकंडा, संतराम साहू पिता/पति-मुखीराम पता-जोरापारा, सरकंडा, ना.बा. पुन्नी पिता/पति-झाड़ूराम पता-जोरापारा, सरकंडा सीताराम साहू पिता/पति-सेवकराम पता-जोरापारा, सरकंडा, प्रीति पिता/पति-अकलहा साहू पता-जोरापारा, सरकंडा, ना.बा. निरंजन पिता/पति-झाड़ूराम पता-जोरापारा, सरकंडा, समारु साहू पिता/पति-सेवकराम पता-जोरापारा, सरकंडा, लता पिता/पति-अकलहा साहू पता-जोरापारा, सरकंडा, मंगलीन पिता/पति-वैसाखू पता-जोरापारा, सरकंडा सत्येन्द्र पिता/पति-अकलहा साहू पता-जोरापारा, सरकंडा कांति साहू पिता/पति-मुखीराम पता-जोरापारा, सरकंडा, ना.बा. चन्द्रमणी पिता/पति-झाड़ूराम पता-जोरापारा, सरकंडा, रामेश्वर पिता/पति-अकलहा साहू पता-जोरापारा, सरकंडा, जानकी साहू पिता/पति-मुखीराम पता-जोरापारा, सरकंडा, ना.बा. वली वो खुद माँ दुलौरिन बाई पिता/पति-झाड़ूराम पता-जोरापारा, सरकंडा, देवेन्द्र साहू पिता/पति-सेवकराम पता-जोरापारा, सरकंडा संतोष साहू पिता/पति-मुखीराम पता-जोरापारा, सरकंडा ना.बा. पुष्पा पिता/पति-झाड़ूराम पता-जोरापारा, सरकंडा, दुकलहिन बाई पिता/पति-दुलारी साहू पता-ओरापारा, सरकंडा दिलीप पिता/पति-अकलहा साहू पता-जोरापारा, सरकंडा गौरी साहू पिता/पति-मुखीराम पता-जोरापारा, सरकंडा टुकालू साहू पिता/पति-सेवकराम पता-जोरापारा, सरकंडा, पूर्णिमा पिता/पति-अकलहा साहू पता-जोरापारा, सरकंडा दसरी बाई साहू, पिता/पति-मुखीराम पता-जोरापारा, सरकंडा के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 285/13(0.4050) में प्रस्तावित भूमिस्यानी/क्रेता दसरी बाई पिता/पति-स्व मुखीराम साहू पता-जोरापारा, सरकंडा के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 22/07/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर जिला बिलासपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01/07/2024 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार, तहसील बिलासपुर

# सैदा में विधायक ने पौधारोपण कर अभियान में लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सकरी

- एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत ग्राम सैदा से

एक पेड़ अपने मां के नाम महाअभियान की शुरुवात तखतपुर विकासखंड के ग्राम सैदा में आंगनबाड़ी परिसर में पौधारोपण कर क्षेत्रीय विधायक धर्मजीत सिंह ने की। उन्होंने आंगनबाड़ी परिसर में अपनी मां के नाम पर आम के पौधे रोपे।

महाभियान के अवसर पर कहा कि इस अभियान की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने की है। इसका उद्देश्य प्रकृति के पोषण के लिए हमें अपने दायित्वों का निर्वहन करना है जिस प्रकार हम अपनी मां के प्रति अगाध श्रद्धा का भाव रखते है उसी प्रकार उक्त पौधे के प्रति स्नेह और श्रद्धा का भाव रखकर उसे संरक्षित कर एक वृक्ष के रूप में विकसित करना है। ताकि पर्यावरण में प्रकृति संतुलन बना रहे हरियाली बनी रहे और हम देश को सूखे और बढ़ते तापमान की समस्या से बचा सके। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत सदस्य संतोष कौशिक, अशोक सिंह ठाकुर, मंडल अध्यक्ष बी.आर.महोबिया, पूर्व जनपद सदस्य राकेश तिवारी, पूर्व सरपंच संतोष दुबे, पूर्व मंडल महामंत्री रितेश दुबे, सैदा सरपंच सरस्वती गढ़ेवाल, विधायक प्रतिनिधि सूरज मिश्रा, भाजयुमो नेता निलेश सिंह, राजकमल साहू, अमर गुप्ता, राजेश देवांगन, सतीश सोनकर, अक्षय बंटी चौहान, प्रशांत गुप्ता, जितेन्द्र सूर्यवंशी, पंच हारून खान, केशव तिवारी, केदार दुबे, बांकेबिहारी दुबे, नारायण दुबे, बाला राम दुबे, अनुराधा आर्या, दुर्गा कौशिक, बीना राय, अल्का तिवारी, आभा तिवारी, सुखैय्या नेताम, राधा निर्मलकर सहित ग्रामीण उपस्थित थे।



पौध रोपण करते विधायक धर्मजीत सिंह।

## पौधरोपण के लिए 50 डिसमिल जमींन को आरक्षित कर एक नई मिसाल दी

**तखतपुर।** प्रकृति को प्रदूषित होने से बचाने के लिए ग्राम पंचायत परसदा के द्वारा पौधा रोपण के लिए 50 डिसमिल जमींन को आरक्षित कर एक नई मिसाल दी है। यहां पर पौधरोपण कर उसकी देखरेख का जिम्मा भी पंचायत उठाऐगी। पंचायत परसदा जनपद पंचायत तखतपुर के द्वारा 50 डिसमिल शासकी भूमि को ग्राम पंचायत द्वारा पौधरोपण के लिए आरक्षित किया गया है। जिसमें 3 वर्षों से पौधरोपण ग्राम पंचायत एवं विचार क्रांति समिति के युवाओं के द्वारा किया जा रहा है। सरपंच संतराम लहरे ने कहा कि पर्यावरण को संतुलित बनाये रखने के लिए आज पौधा रोपण आवश्यक है। जिसके लिए आम लोगों को भी बढ चढ कर हिस्सा लेना चाहिए। और अपने जीवन में एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसे पौधा से वृक्ष बनते तक सेवा करना चाहिए। हमारे बुजूर्गो ने भी कहा है कि वृक्ष लगाने से पुन्य मिलता है। आज पौधा रोपण के साथ साथ उसकी देख रेख की आवश्यकता अधिक है क्योंकि पौधा रोपण तो हर साल होता आया है परन्तु देखरेख के आभाव में वे सभी पौधे नष्ट हो गए है।



## भारतीय जीवन बीमा निगम अभिकर्ता संघ ने किया पौधरोपण



**सकरी।** भारतीय जीवन बीमा निगम अभिकर्ता संघ बिलासपुर सीएबी शाखा के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रजापति की अध्यक्षता में सशिमं विद्यालय सकरी में पौधरोपण कराया गया। मौके पर शाला प्राचार्य व अध्यक्ष मौजूद रहे। सचिव श्रवण साहू, कोषाध्यक्ष प्रभात पणिकर, संगठन सचिव अनिता चंद्रा व शाखा के अभिकर्ताओं की उपस्थिति में पौधरोपण किया गया।

## जोंधरा में एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**मल्हार।** एयु बिलासपुर से सम्बद्ध रासेयो इकाई तक्षशिला उमावि जोंधरा में रविवार को एक पेड़ मां के नाम बृहद पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल प्रांगण से लेकर बस स्टैंड तक पौधरोपण जागरुकता रैली निकाला गया। रैली के बाद स्कूल मैदान में पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम रासेयो समन्वयक मनोज कुमार सिन्हा, जिला संघटक कांति अंचल के मार्गदर्शन में किया गया।

# सिम्स में 7 साल से धूल खा रहा बिसरा, जांच के इंतजार में गल गए सैंपल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिम्स मेडिकल कालेज में पिछले 5 से 7 साल से अधिक समय से बिसरा सैंपल रखे गए हैं, सैंपलों की फारेंसिक जांच के आदेश नहीं मिला है, जिसके चलते अब धूल खा रहे हैं। खास बात यह है कि कई महत्वपूर्ण केस के अहम सुराग बिसरा से मिल सकते हैं, लेकिन पुलिस की लापरवाही के चलते सिम्स के मरच्यूरी में रखे गए सैंपल सड़ रहे हैं। हालत यह है कई सैंपल की हड्डी भी गल चुकी है।

■ पुलिस की जांच सुस्त, जिसके चलते नहीं हो सकी है रिपोर्ट

हत्या जैसे संगीन जुर्म की परतें खोलने और कई राज बाहर निकालने वाले सैंपल की जांच ही नहीं हो रही है। पीएम के बाद बिसरा रिपोर्ट के लिए रखे गए बिसरा सिम्स के मरच्यूरी में रखे सड़ रहे हैं। हालत यह है इनमें धूल जम चुकी है और कई सैंपल गल चुके हैं। ऐसे में उन केसों में सुराग मिल पाना मुश्किल ही है।

खास बात यह है कि जिन विभाग के आदेश पर बिसरा रखा जाता है, उनके ही इन सैंपलों की याद नहीं है। करीब 5 से 7 साल बीत चुके हैं, पुलिस विभाग को इन सैंपलों पर जांच का आदेश नहीं मिल सका है। ऐसे में सिम्स ने इन सैंपल को जस का तस रख दिया है, लेकिन हालत यह है कि अब सिम्स के पास रखने की जगह नहीं है, ऐसे में इन सैंपलों के नष्टीकरण कराना जरूरी हो चुका है, लेकिन बिना पुलिस के आदेश के सैंपल नष्ट नहीं किए जा सकते हैं। जिसके चलते मामला अटका है।

**मरच्यूरी में रखे गए हैं बिसरे, कई मौतों के राज भी मिलना मुश्किल**



सिम्स के मरच्यूरी में बिखरे पड़े बिसरे।

### नष्टीकरण का नहीं होता रूल फालो

बताया जा रहा है कि पुलिस द्वारा बिसरा का सैंपल सिम्स में रखा जाता है, पुलिस द्वारा ही इसकी फारेंसिक जांच कराई जाती है। सिम्स में डिपार्टमेंट ऑफ फारेंसिक के डाक्टर व अधीक्षक के द्वारा इन सैंपल को नष्ट करने पत्र जारी किया जा सकता है, जिसके बाद पुलिस उच्च अधिकारियों के निर्देश पर इन सैंपल को नष्ट कर सकती है, लेकिन सिम्स प्रबंधन और पुलिस दोनों ही इस मामले में उदासीन बने हुए है, जिससे सैंपल सालों से सड़ रहे हैं।

### पुलिस को कराना है जांच

बिसरा रिपोर्ट के लिए पुलिस को ही फारेसिंक लैब से जांच कराना होता है, चुकि एमएलसी केस में पुलिस प्रबंधन को बिसरा रखने का आदेश देता है तो सैंपल रखा जाता है। नष्ट कराने के लिए भी पुलिस को ही सामने आना होगा। नष्ट करना हमारे क्षेत्राधिकार से बाहर है।

**-डॉ सुजीत नायक,** अधीक्षक, सिम्स

---

5 हजार की आबादी, फिर भी सालों से खस्ताहाल सड़क, 5 किमी सड़क बनाने नहीं मिली स्वीकृति

# नयापारा की सड़क पर सिर्फ गड्ढे ही गड्ढे चलना मुश्किल, स्टीमेट देकर भूला विभाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

5 हजार की आबादी और निगम में शामिल हो चुके नयापारा क्षेत्र की सड़क की सुध लेने वाला कोई नहीं है। पीडब्ल्यूडी के बजट में शामिल इस सड़क की हालत बेहद खराब है, सड़क पर महज गड्ढे ही दिखाई देते हैं। कुछ माह पहले सड़क ठीक करने गिट्टी डाली गई थी, लेकिन स्थिति सुधरने के बजाए बिगड़ चुकी है।

■ 2024-25 के बजट में किया गया है शामिल

नयापारा से फदहाखार जंगल जाने वाली सड़क बेहद खस्ताहाल है, सड़क पर चलना लोगों के लिए मुसीबत से कम नहीं है। पूरी सड़क ही गड्ढे में तब्दील हो चुकी है। बताया जा रहा है कि इस बजट में सड़क बनाने का प्रस्ताव पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने शासन ही ओर भेजा है। सड़क की चौड़ाई बढ़ाकर नए सिरे से निर्माण किया जाना है, लेकिन सड़क की स्वीकृति नहीं मिली है। वहीं इस बारिश में सड़क पर चलना लोगों के लिए दूभर हो चुका है। वहीं सड़क के नजदीक ही वन विभाग द्वारा फदहाखार में निर्माण कार्य किया जा रहा है, जहां नगर वन बनाने की योजना है। इस सड़क के बनने के बाद नगर वन में लोगों की पहुंच आसान होगी और विभाग को राजस्व भी मिल सकेगा लेकिन पीडब्ल्यूडी के प्रस्ताव को हरी झंडी मिलने में अभी काफी समय लग रहा है।





नयापारा की पूरी सड़क पर सिर्फ गड्ढे हैं।

### कई जगहों पर अतिक्रमण

अधिकारियों के अनुसार सड़क 10 मीटर होगी, लेकिन वर्तमान में सड़क महज 5 से 7 मीटर के बीच है। सड़क चौड़ी करण के लिए कई जगहों से अतिक्रमण भी हटाया जाना है। अतिक्रमण हटाने से पहले पीडब्ल्यूडी और राजस्व विभाग को सर्वे भी करना होगा, लेकिन सड़क बनाना दूर की कौड़ी साबित हो रहा है।

### प्रस्ताव भेजा गया है

सड़क बनाने का प्रस्ताव रायपुर भेजा गया है। इसी साल बजट में जुड़ा है। कब स्वीकृति मिलेगी, यह उच्च अधिकारी ही बता सकेंगे।

**-आदित्य ग्रोवर,** एसडीओ, पीडब्ल्यूडी

---

**रात 1 बजे रायपुर के युवक को पीटा**

# हैवंस पार्क के क्लब में फिर जमकर मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रात 1 बजे हैवंस पार्क होटल में रायपुर से आए एक युवक पर युवकों ने शराब फेंक दिया। मना करने पर युवकों ने उनके साथ जमकर मारपीट की, जिससे होटल में हड़कंप मच गया। बाद में कार्रवाई को लेकर पीड़ितों ने थाने में जमकर हंगामा मचाया। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, रायपुर गुढीयारी बसंत विहार निवासी मनीष ठाकुर पिता श्रीचंद्र ठाकुर 13 जुलाई को भाटापारा आए थे। वहां से वे अपने दोस्त नीरज नागवान, संजय नागवानी, निखिल ठाकुर के साथ टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित हैवंस पार्क होटल एलआईटी क्लब आए थे। क्लब के अंदर बैठकर वे अपने दोस्तों के साथ खाना खा रहे थे। मनीष ने आरोप लगाया है कि रात 1 बजे विशेष तम्राकर एवं उसके साथियों ने उन पर जूठी शराब फेंक दी, उन्होने शराब फेंकने का विरोध किया तो विशेष एवं उसके साथी उग्र होकर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर मारपीट करने लगे।

वे होटल से बाहर निकले तो युवक उन्हें सड़क पर पटककर घसिटने लगे। दोस्तों के द्वारा बीच बचाव करने पर हमलावर भाग निकले। घायल युवक रिपोर्ट लिखाने थाने गया और कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा मचाया गया। पुलिस ने मनीष ठाकुर की रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### पूर्व में हुआ था जानलेवा हमला

पूर्व में रात 1.30 बजे हैवंस पार्क होटल के बार से बाहर निकलने पर चकरभाठा के एक युवक के साथ हिस्ट्रीशिटर रितेश निखारे उर्फ मैडी ने अपने गैंग के गुर्गों के साथ मारपीट करते हुए हमला किया था।

### 4 दिन पहले तंत्रा बार में हुई मारपीट

10 जुलाई को चांटीडीह रामायण चौक निवासी आदित्य तिवारी, दोस्त असीम केसकर, मयंक यादव के साथ जन्मदिन की पार्टी मनाने मंगला चौक 36 सिटी माल स्थित तंत्रा बार गए थे। पार्टी मनाने के दौरान रात 1 बजे बाउंसर राजू उर्फ निसार अहमद, मनीष सोनी व अन्य उनकी टेबल हटाने लगे। विरोध करने पर बाउंसरों ने आदित्य के साथ मारपीट कर बीयर की बोतल से हमला कर दिया था।

---

# कार पलटी, फंसे 10 लोगों को डायल 112 ने बाहर निकाला

**बिलासपुर।** तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलट गई। कार में 5 बच्चों सहित 10 लोग फंस गए। डायल 112 के जवान व चालक ने घायलों को कार से बाहर निकालकर इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया है।



एडीशनल एसपी अर्चना झा ने बताया, शनिवार की रात सकरी दलदलिहा पारा के पास तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। कार में सवार 5 बच्चे सहित 10 लोग अंदर में घायल होकर फंस गए और चीखने लगे, कार क्षतिग्रस्त हो गई थी। लोगों ने उन्हें बाहर निकालने की कोशिश की। सफल नहीं होने पर डायल 112 में सूचना दी गई। सूचना मिलने पर 7 मिनट में डायल 112 के आरक्षक सत्यार्थ शर्मा व चालक मौके पर पहुंच गए। भारी मशक्कत के बाद आरक्षक व चालक के द्वारा घायलों को कार से बाहर निकालकर इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। जानकारी होने पर एसपी रजनेश सिंह ने आरक्षक सत्यार्थ शर्मा एवं अन्य की पीठ थपथपा कर उनके इस मानवीय कार्य की प्रशंसा की है।

# मारपीट करने के बाद सोशल मीडिया में वीडियो पोस्ट करने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मारपीट करने के बाद सोशल मीडिया में वीडियो वायरल करने वाले आरोपी को पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, रंगदारी का दबदबा दिखाने जरहाभाठा मिनीबस्ती निवासी दिलीप बंजारे का सोशल मीडिया में वीडियो वायरल हो रहा है। बताया जाता है शनिवार को उसने दो युवकों के साथ लोहे की राड से जमकर मारपीट की। उसके बाद खुले बदन हाथ में लोहे की राड रखकर वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। कुछ देर बाद उसने वीडियो डिलिट कर



दिया, किन्तु उक्त वीडियो पुलिस तक पहुंच ही गया। पुलिस ने वीडियो को गंभीरता से लेते हुए महाराणाप्रताप चौक में दबिश देकर दिलीप बंजारे को पकड़ लिया और तलाशी लेने पर उसके पास से चाकू मिला। उसके खिलाफ सिविल लाइन थाने में दर्जनों मामले दर्ज हैं। दूसरी घटना में तारबाहर पुलिस को सूचना मिली महिमा तिराहा व्यापार विहार शराब दुकान के पास एक युवक चाकू लहराकर लोगों को डरा धमका रहा है। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर चाकू सहित आदित्य दुबे उर्फ वासु पिता दीपचंद दुबे 22 साल कुदरापारा तिफरा निवास को पकड़ लिया। पुलिस ने 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत चाकू जब्त कर दोनों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है।

---

**प्रेमी की मौत के बाद प्रेमिका ने खाया जहर**

# नाबालिग प्रेमी ने घर में फांसी लगाकर की खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

घर से भागे नाबालिग प्रेमी जोड़ा को पुलिस पकड़कर वापस लाई और परिजन के हवाले कर दिया। प्रेमी युवक ने अपने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। जानकारी होने पर प्रेमिका ने जहर खा लिया है। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पचपेड़ी टीआई ओपी कुर्रे ने बताया, क्षेत्र में रहने वाले एक 15 साल की लड़की व 17 साल का लड़का परिजन के साथ कमाने खाने यूपी गए थे। इसी दौरान उनके बीच प्रेम संबंध हो गया था। वहां दोनों शादी करने के लिए भाग गए थे। किसी तरह परिजन दोनों को खोजकर वापस अपने गांव आ गए थे। बीते शुक्रवार को दोनों प्रेमी जोड़ा घर छोड़कर बाइक से रायपुर चले गए। सिलियारी के पास वाहन जांच के दौरान पुलिस ने दोनों को पकड़ लिया। संदेह होने पर रायपुर




पुलिस ने उनसे पूछताछ करने के बाद उनके परिजन को सूचना दी। परिजन पुलिस के साथ सिलयारी जाकर दोनों को अपने साथ लेकर आए, पुलिस ने दोनों को उनके परिजन के हवाले कर दिया था। शनिवार की रात नाबालिग अपने चाचा के साथ सो रहा था। चाचा के सोने के बाद उसने साड़ी से घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। रविवार को प्रेमी के खुदकुशी कर लेने की जानकारी होने पर नाबालिग प्रेमिका से जहर खाकर आत्महत्या करने की कोशिश की है। परिजन इलाज के लिए मस्तूरी अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसका इलाज चल रहा है। इधर पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

---

**गोबर व कीचड़ की वजह से यहां से गुजरना हो रहा मुश्किल**

# रेलवे के अंडरब्रिज में मवेशियों का जमावड़ा, दुर्घटना की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर के तारबाहर और चुचुहियापारा दोनों अंडरब्रिजों के भीतर इन दिनों मवेशियों का जमावड़ा लग रहा है। ऐसे में बारिश के दौरान कीचड़ के साथ ही अब गोबर के चलते गंदगी होने के कारण लोगों को निकलने में परेशानी हो रही है। यहां हमेशा मवेशियों से टकराकर दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है।

इधर तारबाहर में अभी भी अंडरब्रिज का कार्य पूरा न होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दरसल बारिश के दौरान भीगने से बचने के लिए मवेशी अब सड़क की बजाए इन अंडरब्रिजों के अंदर पनाह लेने लगे हैं। लेकिन इन्हें हटाने वाला कोई नहीं है, इससे पटरी के उस पर रहने वाले लोगों को अब इन अंडरब्रिजों से आवगमन करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



### प्लेटफार्म में घूम रहे मवेशी

सड़कों, अंडरब्रिजों के अलावा अब तो मवेशी बिलासपुर स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर भी घूमते नजर आते हैं। मुख्य गेट पर ही बड़ी संख्या में मवेशी खड़े रहते हैं। जिससे आवागमन करने में परेशानी रहती है। कई बार ये मवेशी टिकट काउंटर और प्लेटफार्म पर टहलते रहते है। गाय के अलावा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म में कुत्ते भी घुस जाते है जिससे यात्रियों को हमले का डर रहता है।

### निगम व रेलवे एक दूसरे को ठहराते हैं जिम्मेदार

शहर सहित रेलवे अंडरब्रिज और स्टेशन में मवेशियों के जमावड़ा को लेकर एक तरफ रेलवे के सीपीआरओ विकास कश्यप निगम की जिम्मेदारी बता रहे तो दूसरी तरफ निगम के अतिक्रमण शाखा प्रभारी प्रमिल शर्मा का कहना है कि मवेशी पकड़ने अभियान चला रहे लेकिन अंडरब्रिज और प्लेटफार्म से मवेशी हटाने की जिम्मेदारी रेलवे की है। ऐसे में दोनों विभागों के उदासिनता के चलते राहगीरों के लिए ये मवेशी परेशानी का कारण बन रहे हैं।

---

## खबर संक्षेप

### परिसीमन की अधिसूचना जारी होगी आज

**बिलासपुर।** नगर निगम क्षेत्र के नए सिरे से परिसीमन की अधिसूचना सोमवार को जारी होगी। निगम के वार्डों के परिसीमन के लिए टीम पिछले कई दिनों से जुटी हुई थी और भारी उठापटक के बाद परिसीमन का प्रारूप तैयार कर लिया गया है, जिसकी अधिसूचना जारी होने के बाद दावा-आपत्ति मंगाई जाएगी। परिसीमन में नगर निगम के 70 वार्डों में से अधिकांश वार्ड प्रभावित हो रहे हैं। मंगला, कोनी के वार्डों में किसी तरह के कोई बदलाव नहीं हो रहे हैं, जबकि शहर भीतर के बहुत से वार्ड प्रभावित हो रहे हैं। इसके अलावा शहर से लगे हुए नए एरिया के वार्डों में जनसंख्या के अनुसार सीमा घट-बढ़ रही है। नगर निगम की ओर से परिसीमन के लिए प्रारूप तैयार कर कलेक्टर कार्यालय भेज दिया गया है और सोमवार को परिसीमन की अधिसूचना जारी होगी, उसके बाद करीब सप्ताहभर दावा-आपत्ति के लिए समय दिया जाएगा। इससे पूर्व वर्ष 2019 में नगर निगम क्षेत्र का परिसीमन हुआ था। नगर निगम का सीमा विस्तारीकरण किया गया था, जिसमें नगर निगम में तीन नगरीय निकाय सकरी, तिफरा, सिरगिट्टी समेत शहर आसपास के 15 ग्रामीण इलाकों को भी शामिल किया गया। निगम में नए एरिया शामिल किए जाने पर निगम सीमा पहले से काफी बढ़ गया और वार्डों की संख्या भी बढ़ गई थी।

### 'आप' अपने दम पर लड़ेगी निकाय चुनाव

**बिलासपुर।** आम आदमी पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू ने कहा कि इस बार पार्टी किसी के साथ भी गठबंधन नहीं करेगी और पार्टी अपने दम पर चुनाव लड़ेगी। नगरीय निकाय चुनाव मूलभूत सुविधा व समस्याओं पर केन्द्रित होता है। इसलिए जनता के ऐसे मुद्दों को लेकर ही पार्टी मैदान में उतरेगी। बिलासपुर प्रेस क्लब में प्रेसवार्ता के दौरान आम आदमी पार्टी के नए प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू ने बताया कि बिना सत्ता के सेवा नहीं की जा सकती और सेवा करने के लिए सत्ता का होना जरूरी है। प्रदेश की जनता मूलभूत सुविधाओं को लेकर परेशान है और सड़क, नाली, पानी, बिजली, सफाई आदि का हाल बेहाल है, इसलिए आम आदमी की मुश्किलों को दूर करने की लड़ाई पार्टी लड़ेगी। उन्होंने आगामी दिनों में संगठन का विस्तार करने तथा योग्य साथियों को उनके अनुभव के आधार पर संगठन में जगह देने की बात कही। आगामी चुनाव में टिकट भी उनकी योग्यता को देखकर दी जाएगी।

### कबाड़ियों के ठिकाने पर पुलिस की दबिश

**बिलासपुर।** सरकंडा और कोतवाली पुलिस ने अलग-अलग कार्रवाई करते हुए दो कबाड़ियों के कब्जे से पांच क्विंटल कबाड़ जब्त किया है। इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सरकंडा पुलिस को सूचना मिली कि वसंत विहार चौक के पास स्थित कबाड़ी की दुकान पर चोरी का सामान खपाया जा रहा है। इस पर पुलिस की टीम ने कबाड़ी के ठिकाने पर दबिश दी। दुकान से पुलिस ने अलग-अलग साइज के लोहे का पाइप, लोहे की राड और अन्य सामान जब्त किया है। कबाड़ी शिव कुमार चंद्रवंशी लोहे के सामान का दस्तावेज पेश नहीं कर पाया। चोरी के सामान होने की आशंका पर कबाड़ जब्त कर कबाड़ी को गिरफ्तार किया गया है। इसी तरह कोतवाली पुलिस ने खपरगंज नटराज स्टेश्नरी गली में मोहम्मद इरफान के दुकान में दबिश दी। यहां पर पुलिस को वाहनों के पहिए, कार का रेडियेटर, कटर, वाहन के इंजन, सबमर्सिबल पंप, एल्यूमिनियम तार और कंप्यूटर के सामान भी थे। पुलिस को कबाड़ी गोलमोल जवाब दे रहा था। चोरी के सामान की आशंका पर पुलिस ने कबाड़ जब्त कर लिया है।

### ऑटो संघ चुनाव के लिए 14 ने भरा नामांकन



**बिलासपुर।** जिला आटो संघ का चुनाव 21 जुलाई को व्यापार विहार स्थित त्रिवेणी भवन में होगा। चुनाव पांच पदों के लिए होगा, इसके लिए रविवार को नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई, इसमें 14 उम्मीदवारों ने नामांकन प्रक्रिया में भाग लिया। चुनाव अधिकारी पूर्व अध्यक्ष मनोज श्रीवास एवं पूर्व अध्यक्ष व्ही मधुसूदन राव ने बताया कि बिलासपुर जिला आटो संघ का चुनाव निम्न 5 पदों अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सहसचिव एवं कोषाध्यक्ष के लिए किया जाएगा। लगभग 2000 आटो संघ के वोटर मतदान करेंगे। मतदान 21 जुलाई को सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक किया जाएगा। इसी दिन देर रात तक चुनाव परिणाम की घोषणा भी की जाएगी।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

## खबर संक्षेप

### भगवान जगन्नाथ आज लौटेंगे घर

**लोरमी।** ग्राम पाली में बहुरा यात्रा का 15 जुलाई को दोपहर 2 बजे आयोजन होगा। जगन्नाथ, बलराम व सुभद्रा के साथ पालेश्वर स्थित मंदिर में पुनः बाजे गाजे के साथ रथ में सवार होकर लौटेंगे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं का सम्मान 16 को

**तखतपुर।** भाजपा के कार्यकर्ताओं का सम्मान कार्यक्रम 16 जुलाई को प्रातः 11 बजे सांस्कृतिक भवन परिसर तखतपुर में किया गया है। जिसमें विधानसभा स्तरीय मतदाता अभिनंदन समारोह होना है। इसमें भाजपा के सभी पदाधिकारी सहित अन्यजन शामिल होंगे।

### सड़कों में मवेशियों को रोकने ग्रामीणों को दी गई समझाइश

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशन में जिले के राष्ट्रीय एवं राजकीय राजमार्ग में मवेशियों के बेतरतीब जमावड़े को रोकने हेतु ग्रामीणों की बैठक लेकर प्रभावी उपाय अपनाने का आग्रह किया जा रहा है। इस संबंध में उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. एसपी सिंह द्वारा पाली विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कपोट, चैतमा, घुईचुंआ व डुमरकछार में ग्राम सभा आयोजित कर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सरपंच सहित ग्रामीणों की बैठक लेकर मवेशियों के राजमार्गों में जमावड़े को रोकने की दिशा में सकारात्मक प्रयास करने का अनुरोध किया गया।

### निवेशक 22 तक कर सकते हैं दावा आपत्ति

**कोरबा।** जिले के कुछ निवेषकों द्वारा संबंधित चिटफण्ड कंपनी में निवेश से संबंधित मूल बांड पेपर प्रस्तुत नहीं किया गया है। धनवापसी हेतु निवेशकों द्वारा निवेश से संबंधित मूल बांड पेपर सहित अन्य दस्तावेज उपलब्ध कराना आवश्यक है। मूल बॉण्ड पेपर उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में निवेशक 22 जुलाई तक बांड पेपर की छाया प्रति, शपथ पत्र एवं अन्य सुसंगत दस्तावेज प्रस्तुत कर सकते हैं। जिससे उनके निवेशित राशि की भुगतान हेतु आगे कार्यवाही की जा सकेगी।

### पोडी उपरोडा में सम्पूर्णता अभियान का हुआ शुभारंभ

**कोरबा।** जिले के आकांक्षी ब्लॉक कोरबा एवं पोडी उपरोडा में नीति आयोग के तहत सम्पूर्णता अभियान का खण्ड स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ बीते दिनों किया गया। इसके तहत ब्लॉक कोरबा का खण्ड स्तरीय कार्यक्रम सद्भावना भवन तिलकेजा तथा ब्लॉक पोड़ी-उपरोड़ा के सद्भावना परिसर पोडी उपरोडा में शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रामपुर विधायक फूलसिंह राठिया ने कहा कि आकांक्षी ब्लॉक में संपूर्णता अभियान के सभी मानकों को सहभागिता से पूर्ण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को सभी नागरिकों को लेना चाहिए। जिले के दोनों आकांक्षी ब्लॉकों में हुए शुभारंभ कार्यक्रम में स्वास्थ्य शिविर, पोषण वाटिका स्टॉल लगाई गई। इसके साथ ही हितग्राहियों को चेक मृदा परीक्षण कार्ड आदि विभागीय योजनाओं से लाभान्वित किया गया। शुभारंभ कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### बारिश थमते ही बरसने लगी बीमारियां, चपेट में आ रहे लोग

**कोरबा।** बारिश के थमते ही मौसमी बीमारी ने पांव पसारना शुरू कर दिया है। लोग उल्टी-दस्त के अलावा बुखार की चपेट में आ रहे हैं। जिससे निजी और सरकारी अस्पतालों में मरीजों की लंबी कतार लग रही है। यदि मेडिकल कॉलेज अस्पताल की बात करें तो ओपीडी में पहुंचने वाले मरीजों का ग्राफ अचानक बढ़ गया है। आलम यह है कि प्रबंधन को मरीजों के लिए अतिरिक्त बेड की व्यवस्था करनी पड़ रही है। जिले में आषाढ़ मास के शुरू होते ही मानसून ने दस्तक दी थी। शुरूआती दिनों में ही हुई झमाझम बारिश के कारण खेती किसानी के काम में तेजी आई। इस बारिश ने लोगों को भीषण गर्मी से भी राहत दी, लेकिन बारिश के थमते ही लोगों को उमस ने हलाकान कर रहा है। लोग भारी उमस से बचने कूलर, पंखे और एसी जैसे संसाधनों का सहारा ले रहे हैं। । सामान्य दिनो में बाह्य रोगी कक्ष में 6 सौ से अधिक मरीजो का उपचार के लिए पंजीयन किया जाता है।

---

### ग्राम रामगढ़ के आनंदाश्रम परिसर में बनाया गया है भवन

# तोखन व साव ने किया सियान सदन का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

ग्राम रामगढ़ में आनंदाश्रम परिसर में नव निर्मित सियान सदन भवन का लोकार्पण केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू और उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने किया। अतिथियों ने सभी वरिष्ठजनों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केन्द्रीय राज्य मंत्री श्री साहू ने कहा कि वरिष्ठजन हमारे समाज के गौरव हैं। उनके मार्गदर्शन को आत्मसात करते हुए हम सब अपने समाज और देश का कल्याण कर सकते हैं। उन्होंने रामायण के चैपाई के माध्यम से वरिष्ठजनों की भूमिका पर प्रकाश डाला और कहा कि इस संसार पर सबसे बड़े भगवान हमारे माता-पिता और गुरु हैं। आज हम जहां भी पहुंचे है, ये सब उन्हीं का आशीर्वाद का फल है। यदि किसी घर में वरिष्ठ लोगों की बात सुनकर युवा का मन प्रफुल्लित हो जाए, तो समझ लो वहां रामराज आ गया। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि रामगढ़ में नवनिर्मित सियान सदन भवन का लोकार्पण हुआ है। अब हमारे वरिष्ठजन यहां पर विभिन्न गतिविधियों को व्यवस्थित रूप से संचालित कर सकेंगे। वरिष्ठजनों के पास जो अनुभव का खजाना है, उसका लाभ हमारे समाज के प्रत्येक व्यक्ति को मिलना चाहिए। उन्होंने सियान सदन परिसर में ट्यूबवेल कराने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। साथ ही वरिष्ठजनों की मांग पर हर सम्भव प्रयास करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जिले के विकास के लिए लगातार प्रयास कर रहे है। अब मुंगेली की धरती से डबल इंजन हो गया है और तेजी से काम करेंगे। कलेक्टर राहुल देव ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप जिला प्रशासन द्वारा समाज के सभी वर्ग के कल्याण के लिए लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में आज वरिष्ठजनों के लिए सियान सदन भवन का लोकार्पण किया गया है।


शुभारंभ करते केन्द्रीय राज्य मंत्री एवं उप मुख्यमंत्री।

यह आने वाले समय में मील का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिक संघ के प्रांताध्यक्ष चंद्रप्रकाश देवरस ने वृद्धावस्था पेंशन बढ़ाने, रेलवे में छूट और सीनियर सिटीजन के लिए ग्राम पंचायत की भूमिका बढ़ाने की मांग की। जिला संघ के अध्यक्ष धनेश सोलंकी ने सियान सदन का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। संघ के सचिव प्रमोद पाठक ने अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, गणमान्य नागरिकों, भवन निर्माण में सहयोगी सरपंच व प्रतिनिधि के साथ भवन निर्माण में योगदान देने वाले मजदूर साथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन नीलकंठ तिवारी ने किया। लगभग 20 लाख रुपए की लागत से सर्वसुविधायुक्त सियान सदन भवन बनाया गया है। जिसमें एक हाल, दो कक्ष और दो शौचालय शामिल है। कार्यक्रम में आनंदाश्रम के 17 वृद्धजनों को शाल एवं श्रीफल भेंटकर तथा अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला एवं संबंधित अधिकारी, नगर पालिका मुंगेली के उपाध्यक्ष मोहन मल्लाह, जनपद पंचायत मुंगेली के उपाध्यक्ष पवन पाण्डेय सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, बी.आर.साव ट्रस्ट के अध्यक्ष विनय गुप्ता, गणमान्य नागरिक शैलेष पाठक, लववीर गुप्ता, विनोद पाठक, सुनील पाठक, सईद खान, मोहन भोजवानी, वरिष्ठजन और बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

---

# विधायक धर्मजीत ने सतनामी समाज के सामुदायिक भवन का किया भूमिपूजन



**तखतपुर।** सतनामी समाज के सामुदायिक भवन का भूमिपूजन तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह सहित अन्य अतिथियों ने मिलकर किया। इस सामुदायिक भवन का निर्माण 30 लाख की लागत से होगा। वहीं विधायक धर्मजीत सिंह ने 20 लाख विधायक निधी से देने की घोषणा की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए धर्मजीत सिंह ने कहा कि मेरा प्रयास है कि हर समाज का एक भव्य सामुदायिक भवन बने जिसमें समाज के लोग अपने विभिन्न धार्मिक, पारंपरिक और अन्य गतिविधियों का आयोजन गरिमामय ढंग से कर सके। उनके भवन निर्माण में किसी भी तरह की दिक्कत नही आऐगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि समाज आज निरंतर प्रगति की ओर बढ़ रहा है और हमारा प्रयास यह रहेगा कि एक रचनात्मक कार्यों में हम सभी एक दूसरे के साथ मिलकर सहयोग करें। पूर्व विधायक एवं अनुसूचित जाति आयोग अध्यक्ष चोवादास खाण्डेकर ने कहा कि समाज के लोगों ने एक सपना देखा था कि हमारा एक भव्य सामुदायिक भवन हो जहां पर हम सभी अपने आयोजनों को अच्छे ढंग से मना सके समय समय पर समाज के लोगों को आवश्यकता पड़ने पर इस भवन का उपयोग भी कर सकेंगे। यदि लोग बाहर में अपने आयोजनों को करते तो उसको कम से कम पचास हजार खर्चा हो जाता पर अब समाज के इस भव्य भवन में निःशुल्क हमारे समाज के लोग पारिवारिक आयोजन भी कर सकेंगे और जो पैसा उनका बचेगा। इससे उस राशि का अन्य उपयोग कर सकेंगे।कार्यक्रम को संतोष कौशिक, नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि कृष्ण कुमार साहू ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन राकेश डहरे और शशिकांत जांगड़े ने किया तथा आभार प्रदर्शन भागचंद कुर्रे ने किया । इस अवसर पर पूर्व मंत्री मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले, तखतपुर विधायक धरमजीत सिंह ठाकुर, , पूर्व विधायक चोवा दास खांडेकर , नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती अमरीका साहू, संतोष कौशिक, उपाध्यक्ष वंदना सिंह , नेता प्रतिपक्ष टेकचंद कारड़ा, पार्षद मुकीम अंसारी, ईशवर देवांगन, शिव देवांगन, कैलाश देवांगन, पुष्पलता रात्रे, सुनील आहूजा, नैनालाल साहू, बंशी पाड़े, अशोक ठाकुर, किशन सचदेव विमला जांगड़े, प्रदीप लहरे, सुनील जांगड़े, भागचंद जांगड़े, परगनिया बंजारे, नरेंद्र रात्रे, संतोष बंजारे, ऋषि चतुर्वेदी, अखिलेश कोशले, सुखदेव कुर्रे, रामेश्वर रात्रे, बोला नवरंग, अर्जुन जांगड़े, अशोक नवरंग, राजकुमारी महादेवा, फूलदास हिंडोरे, सुमित पात्रे, राजेश बंजारे एंव समाज के लोग उपास्थित थे।

---

# कोटवार एसोसिएशन का जिलाध्यक्ष व जिला सचिव की उपस्थिति में कराया गया चुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

कोटवार एसोसिएशन आफ छत्तीसगढ़ तहसील शाखा मुंगेली में जिलाध्यक्ष संतोष दास, जिला सचिव भरत दास की उपस्थिति में चुनाव सम्पन कराया गया। जिसमें सर्व सहमति से तहसील अध्यक्ष राजेंद्र दास देवरी, उपाध्यक्ष लक्ष्मण दिवाकर उदका, कोषाध्यक्ष विष्णु मानिकपुरी रोहरा खुर्द, सचिव पुरान दास पौनी, मीडिया प्रभारी छोटू दास, देवदास, तामेस को चुना गया।

इस अवसर पर मुक्ति दास, गुलाब दास, प्रमोद, सुखदास, निगम, पुन्नी, चतुर, सुंदर दास, यशवंत, दिनेश, अशोक, चमेली, सुनीता, कामिनी, संतोषी आदि उपस्थित रहे। इसी तरह तहसील शाखा जरहागांव का जिलाध्यक्ष संतोष दास, जिला सचिव भरत दास की उपस्थिति में चुनाव सम्पन्न कराया गया। जिसमें सर्व सहमति से तहसील अध्यक्ष अनिल दास, उपाध्यक्ष संजीत कुमार, कोषाध्यक्ष तोमेन्द्र दास, सचिव कपिल दास, मीडिया प्रभारी रविंद्रा दास को चुना गया। इस अवसर पर गुलाबदास, सुमंत साहू, गणेश दास, पोषण, ताकेश्वर दास, नंद, प्रहलाद, संतोष गंधर्व, कनक, कमलेश्वर, रवि, यामिनी, शांति आदि उपस्थित रहे।


कोटवार संघ के चयनित पदाधिकारी।

### फेडरेशन का प्रदेश स्तरीय बैठक रायपुर में संपन्न

**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिकारी व कर्मचारी फेडरेशन का प्रदेश स्तरीय बैठक छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी भवन सप्रे शाला रायपुर में संपन्न हुआ। बैठक में फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष तुलसी साहू, प्रांतीय सचिव टीआर निर्मलकर, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष गजेश यदु, महेंद्र साहू, उपाध्यक्ष कमलेश मिश्रा, लखेश्वर यादव, कोषाध्यक्ष यशवंत आदिल, महासचिव अमर धनकर, सचिन साहू, कार्यालयीन सचिव कमल साहू, अभिनंदन वैष्णव, प्रवक्ता शंभू साहू, नितेश वैष्णव, मीडिया प्रभारी हेमंत साहू, श्रवण वर्मा, फेडरेशन के जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल यादव रायपुर, खड़ानंद वर्मा बलोदा बाजार, प्रवीण कौशिक गौरेला, धरम भारद्वाज कोरबा, डीआर साहू जांजगीर चांपा, निमेष भोईर दुर्ग, रामदुलार साहू राजनांदगांव, राकेश कश्यप दंतेवाड़ा, अरविंद पाठक कोंडागांव, श्याम बिहारी चैहान जशपुर, जितेंद्र गुप्ता सरगुजा आदि उपस्थित थे।

# बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा में मुंगेली के 923 परीक्षार्थियों ने दिलाई परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 923 परीक्षार्थियों ने दिलाई। वही 776 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के लिए जिले में 6 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे।

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा आज बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। इन परीक्षा केंद्रों में कुल 1699 परीक्षार्थियों में से 923 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिलाई। वही 776 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के लिए जिले में 6 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। जिसमें डॉ. जेपी मिश्रा शासकीय विज्ञान महाविद्यालय मुंगेली में 300 परीक्षार्थियों की बैठने की व्यवस्था की गई थी, जिसमें 149 परीक्षार्थी उपस्थित रहे एवं 151 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। शासकीय एसएनजी महाविद्यालय मुंगेली में 300 परीक्षार्थियों की बैठने की व्यवस्था की गई थी, जिसमें 157 परीक्षार्थी उपस्थित रहे एवं 143 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुंगेली में 400 परीक्षार्थियों की बैठने की व्यवस्था की गई थी, जिसमें 226 परीक्षार्थी उपस्थित रहे एवं 174 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जेसीस हायर सेकंडरी स्कूल मुंगेली में 300 परीक्षार्थियों की बैठने की व्यवस्था की गई थी, जिसमें 177 परीक्षार्थी उपस्थित रहे एवं 123 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। नगर पालिका शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल मुंगेली में 250 परीक्षार्थियों की बैठने की व्यवस्था की गई थी, जिसमें 132 परीक्षार्थी उपस्थित रहे एवं 118 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। सुखनंदन महाविद्यालय मुंगेली में 149 परीक्षार्थियों की बैठने की व्यवस्था की गई थी, जिसमें 82 परीक्षार्थी उपस्थित रहे एवं 67 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।


बी.एस.सी. नर्सिंग प्रवेश परीक्षा दिलाते परीक्षार्थी।

---




# गुरुघासीदास विद्यालय के बच्चों को गणवेश वितरित

**लोरमी।** लालपुर थाना स्थित परमपूज्य बाबा गुरु घासीदास पूर्व माध्यमिक विद्यालय में शिक्षा के अधिकार के तहत नव प्रवेशी बच्चों को निः शुल्क ड्रेस प्रदान किया गया। ड्रेस वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नोडल अधिकारी परमेश्वर खांडेकर प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोतरी जिला मुंगेली रहे। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक भोला भार्गव, अश्वनी भार्गव, प्रताप सोनवानी, सुलेखा घृतलहरे, मितेश भार्गव, प्रधान पाठक, मिथुन भार्गव, शिक्षिका किरण ओगरे, पिंकी पाटले, चांदनी ओगरे, अमीषा कोषले, कविता डहरिया सहित ग्रामीण व पालक उपस्थित थे।

# किचन का रुफ भरभराकर गिरा, प्रिंसिपल घायल

**कोरबा।** यह मामला गेवरा के शक्ति नगर बीकन स्कूल का है जहां प्रिंसिपल के ऊपर कमरे का छत का मालवा अचानक गिर गया जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए बता दें कि बीकन इंग्लिश मीडियम स्कूल शक्तिनगर में सीसीटीवी लगाया जा रहा था इसके निरीक्षण के लिए प्राचार्य नूर मसीह पहुंचे हुए थे। उसी दरमियान वे किचन पहुंचे जहां किचन का रूफ अचानक उनके ऊपर गिर गया। रूफ का मलबा गिरने से प्राचार्य गंभीर रूप से घायल हो गये जिन्हें बाद में उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। एसईसीएल कॉलोनी गेवरा में रखरखाव के अभाव में छत से मलवा गिरने की घटनाएं लगातार घटित हो रही है इसके बावजूद भी गेवरा सिविल विभाग उदासीन बना हुआ है। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक राकेश शुक्ला ने बताया एसईसीएल गेवरा के सिविल विभाग को विद्यालय में मरम्मत कराए जाने की लिखित शिकायत दी गई थी। जिसके लिए वेलफेयर समिति के सदस्यों द्वारा भी विद्यालय में मरम्मत के लिए अनुशंसा की गई थी इसके बावजूद भी सिविल विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। अगर यह घटना बच्चों के पढ़ाई करने के दौरान होती तो गंभीर हादसा हो सकता था। संस्था के प्रिंसिपल नूर मसीह ने कहा कि किचिन के छत का मलमा मेरे सिर और हाथ में अचानक गिरा जिससे उन्हें चोट लगी है गेवरा का सिविल विभाग गंभीर हादसे का इंतजार कर रहा है।

# राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग ने ली एसईसीएल की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सामाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण मंत्राल भारत सरकार अंतर्गत राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष एम वेंकटेशन ने सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा की उपस्थिति में एसईसीएल की समीक्षा बैठक ली।

बैठक में निदेशक तकनीकी (संचालन) एसएन कापरी निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) एवं वित्त फ्रैंकलिन जयकुमार एवं निदेशक (कार्मिक) बिरंची दास, मुख्यालय से विभिन्न विभागाध्यक्ष एवं सिस्टा, काउंसिल के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। बैठक के आरंभ में सभी उपस्थितों को स्वच्छता शपथ दिलाई गयी एवं अध्यक्ष को एसईसीएल के कार्यसंचालन के बारे में जानकारी दी गयी।



आयोग के अध्यक्ष को स्मृतिचिन्ह भेंट करते सीएमडी श्री मिश्रा।

तत्पश्चात एसईसीएल में कार्यरत स्थायी एवं संविदा सफाई कर्मचारियों, उनके वेतनमान, उन्हें दी जा रहीं चिकित्सा एवं पीएफ़ सुविधाओं एवं उनसे जुड़े अन्य कल्याणकारी प्रयासों के बारे में बताया गया। अध्यक्ष ने एसईसीएल द्वारा सफाई कर्मचारियों के कल्याण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की तथा कुछ बिन्दुओं पर अपने सुझाव भी दिए।

### दर्री बराज का खोला गया एक गेट 2800 क्यूसेक छोड़ा जा रहा पानी

**कोरबा।** शहर में बारिश नहीं होने से दर्री हसदेव बैराज के एक गेट से 2800 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। मौजूदा सीजन में किसानों को उनकी सुविधा के लिए जल संसाधन विभाग ने हसदेव बैराज से नहर में 2800 क्यूसेक पानी प्रवाहित किया है। बैराज के एक गेट को तीन फीट खोल कर यह सुविधा दी गई है। दरअसल काफी दिनों से बारिश नहीं होने के कारण खेतों में समस्या हो रही थी और किसानों ने इस पर चिंता जताई। किसानों की मानें तो कुछ दिन पहले हुई लगातार बारिश के बाद खेती किसानी तो शुरू हो गई। वहीं खेतों में धन भी बोए गए लेकिन सही समय पर पानी नहीं मिलने से फसल नुकसान हो सकता है। ठीक से अंकुर भी नहीं आए हैं इसलिए अभी वर्तमान में पानी की जरूरत है। वहीं रविवार की सुबह से ही बदली छाई रही। तापमान 2 डिग्री बढ़कर 33 पर पहुंच गया। न्यूनतम तापमान के 26 डिग्री पर पहुंचने से उमस भरी गर्मी से लोगों को राहत नहीं मिल रही है। पिछले कई दिनों से मौसम का मिजाज बदला हुआ है। बदली तो छा रही है लेकिन बारिश नहीं हो रही है। इसी वजह से तापमान में भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। दोपहर होते ही धूप के साथ हल्की बूंदाबांदी होने लगती है जिससे लोगों को भारी उमस का सामना करना पड़ता है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी कहीं हल्की और कहीं तेज बारिश हुई है।

---

### कटघोरा वन मंडल ने आयोजित किया वन महोत्सव कार्यक्रम

# पेड़ों का प्यार मां का आशीर्वाद, इसलिए लगाएं पौधे : लखनलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण अभियान शुरूवात की है। पिछले दिनों मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के द्वारा पौधारोपण कर किया गया। प्रदेश में कुल 4 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। पेड़ों का प्यार मां के आशीर्वाद जैसे होता है इसलिए पेड़ अवश्यक लगाएं।

उक्त बातें वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने कटघोरा वन मंडल द्वारा आयोजित एक पेड़ मां के नाम, वन महोत्सव अभियान कार्यक्रम के दौरान कही। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि कटघोरा वन मंडल के छुरी के सलोरा में स्थित नवोदय विद्यालय परिसर में वन महोत्सव अभियान की शुरूवात हुई है। जिले में दो नों वनमण्डल कोरबा और कटघोरा वन मंडल में इस वर्ष 15 लाख के करीब पौधे लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आप सभी अपनी मां के नाम पर पौधे जरूर लगाएं। मां से अटूट प्रेम होता है मां अपने बच्चों को सदैव प्रेम और स्नेह करती है। इस अवसर पर कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस मौके पर कलेक्टर अजीत वसंत, डीएफओ कुमार निशांत, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, वार्ड पार्षद नरेंद्र देवांगन सहित नवोदय विद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित रहें।


गुब्बारा छोड़कर वन महोत्सव की शुरुआत करते अतिथि।

### मां कोसगाई वाटिका में मंत्री ने किया पौधरोपण

मंत्री लखनलाल देवांगन ने माता कोसगाई वाटिका में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों को प्रेरित भी किया। इस अवसर पर कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, कलेक्टर अजीत वसंत ने भी पौधारोपण किया। साथ ही निःशुल्क पौधा वितरण वाहन को हरीझंडी दिखाकर रवाना किया।



# चूहा मार दवा खाकर मजदूर ने दी जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में खाद्य आपूर्ति निगम के उरगा गोदाम में मजदूरी करने वाले एक युवक की चूहा मारने वाली दवा खाने से मौत हो गई। मामले की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनमा कार्रवाई कर पोस्टमॉर्टम कराया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

जानकारी के मुताबिक उरगा निवासी तिहारो कंवर 35 वर्ष और उसकी पत्नी कौशल्या बाई कंवर समेत उसके बच्चे समेत परिवार निवास करता है। तिहारो कंवर रोज की तरह उरगा स्थित राइस मिल में काम करने गया हुआ था। काम से लौटने के बाद वो नहा धो कर गांव में ही घूमने चला गया। रात को वापस आने के बाद पति-पत्नी और बच्चे एक साथ खाना खाए और अपने कमरे में चले गए। रात लगभग 2 बजे तिहारो कंवर चूहा मारने वाली दवा का सेवन कर लिया। अचानक उसकी पत्नी कौशल्या बाई शौच के लिए उठी तो उसने पति तिहारो कंवर को खाते देखा। लेकिन तब तक तिहारो कंवर चूहा मार दवा का खा चुका था और खाने वाला था। कौशल्या के चीख पुकार मचाने पर घर के अंदर सदस्य कमरे से निकल कर बाहर आए और उसे जिला मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जिला अस्पताल चौकी प्रभारी दाऊद कुजूर ने बताया कि मेमो के आधार पर परिजनों का बयान दर्ज किया गया है।